# डाउनलोड

# बिहार लोक सेवा आयोग

# (बीपीएससी) 46वीं

# प्रारंभिक परीक्षा

# प्रश्न पत्र

Downloaded from: www.studymarathon.com

# 46वीं BPSC संयुक्त प्रतियोगिता (P.T.) परीक्षा-2004

## सामान्य अध्ययन

1. **सत्ता हस्तांतरण के समय निम्नलिखित राज्यों में से एक में काँग्रेस दल का पूर्ण विकसित संगठन था-**
(A) हैदराबाद (B) अवध
(C) मैसूर (D) जूनागढ़

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-कांग्रेस-1930 के दशक से ही मैसूर में विशेष रूप से सशक्त रही थी। सितंबर, 1947 में उसने 'मैसूर चलो' आंदोलन चलाया था, जिसके कारण वहाँ 12 अक्टूबर को जनतंत्र की दिशा में महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन करने पड़े।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/ पृष्ठ सं॰-503

2. **त्रावणकोर में काँग्रेस ने त्रावणकोर राज्य के जिस दीवान की स्वेच्छाचारी सरकार के विरुद्ध सविनय अवज्ञा आन्दोलन आरंभ किया था, वे थे-**
(A) सी. पी. रामास्वामी अय्यर
(B) पी. कृष्णस्वामी
(C) जे. के. वारियर (D) भास्करन नायर

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-स्वतंत्रता बाद भी अनेक भारतीय रियासतें अपनी स्वतंत्र हैसियत बनाए रखना चाहती थीं। गृहमंत्री सरदार पटेल तथा उनके सचिव वी.पी. मेनन के प्रयासों से रियासतों का विलय हुआ। त्रावणकोर रियासत के दीवान सी.पी. रामास्वामी अय्यर थे, जिनके विरुद्ध कांग्रेस ने सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया। पटेल ने अय्यर को सलाह दी कि वह अपनी निजी सत्ता बनाए रखने का स्वप्न त्याग दे।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाश/1992/ पृष्ठ सं॰-502-1503

3. **भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 1937 का अधिवेशन बिहार के किस शहर में हुआ-**
(A) हरिपुरा (B) पटना
(C) राँची (D) भागलपुर

उत्तर-(?)

**व्याख्या**-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1937 का अधिवेशन फैजपुर में हुआ था, जिसकी अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह पहला अधिवेशन था, जो गाँव में हुआ था। (उक्त में दिए गए सभी विकल्प गलत है।)

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/स्पेक्ट्रम प्रकाशन/2007/ पृष्ठ सं॰-483

4. **सन् 1930 में काँग्रेस का सविनय अवज्ञा आंदोलन इतना सफल हुआ कि निम्नलिखित शहरों में से एक में अंग्रेजी राज के चिह्न कई महीनों तक गायब से हो गए थे-**
(A) पटना (B) साहिबगंज
(C) बरही (D) मुजफ्फरपुर

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-जी. मैकडोनाल्ड की रचना कांग्रेस एंड दि राज के अनुसार सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान मुंगेर के बरही में अंग्रेजी प्रशासन वस्तुतः समाप्त हो गया था।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/ पृष्ठ सं॰-346

5. **'झंडा गीत' किसने लिखा है ?**
(A) रवीन्द्र नाथ टैगोर (B) बंकिमचन्द्र चटर्जी
(C) मैथिलीशरण गुप्त (D) श्यामलाल पार्षद

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-प्रसिद्ध झंडा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' श्यामलाल पार्षद ने लिखा है।

6. **किसने कहा ''स्वराज मेरा जन्म-सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा ?**
(A) महात्मा गाँधी (B) विपिनचन्द्र पाल
(C) गोपालकृष्ण गोखले (D) बालगंगाधर तिलक

उत्तर-(D)

7. **किस घटना के कारण गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन वापस लिया था ?**
(A) काकोरी काण्ड (B) चौरी-चौरा काण्ड
(C) जालियाँवाला बाग काण्ड
(D) मुजफ्फरपुर काण्ड

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-5 फरवरी, 1922 को गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) जिले के चौरी-चौरा में भीड़ ने पुलिस थाने को जला दिया। फलस्वरूप गांधीजी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया।

8. **'सर्वोदय' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था ?**
(A) महात्मा गाँधी (B) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(C) विनोबा भावे (D) जयप्रकाश नारायण

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-'सर्वोदय' शब्द का प्रथम प्रयोग गांधीजी ने दिया था। उन्होंने अपने समाजवाद का अर्थ सबका उदय अर्थात् सर्वोदय बताया। विनोबा भावे ने गांधी की इसी विचारधारा को लेकर 'भूदान आंदोलन' चलाया था।

9. **पूना समझौते का उद्देश्य था-**
(A) हिन्दू-मुस्लिम एकता



Downloaded from: www.studymarathon.com

(B) दलित वर्ग को प्रतिधिनित्व देना
(C) राजाओं को विशेषाधिकार देना
(D) द्वैध शासन (Dyarchy) पर पुनर्विचार करना।

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-1932 के सांप्रदायिक पंचाट में दलितों के लिए अलग निर्वाचक मंडल की व्यवस्था की गयी थी। गांधीजी ने विरोधस्वरूप पूना जेल में अनशन शुरू कर दिया। फलत: गांधी तथा अंबेडकर में पूना पैक्ट हुआ, जिसके तहत दलितों के लिए पृथक् निर्वाचन मंडल खत्म कर दिया गया, लेकिन प्रांतीय विधानमंडलों में दलितों के लिए सुरक्षित सीटों की संख्या 71 से बढ़ाकर 147 कर दी गई।

**स्रोत**-भारत का स्वतंत्रता संघर्ष/बिपिन चंद्र तथा अन्य/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/2004/पृष्ठ सं॰-228-229

**10. अंग्रेजों द्वारा भारतीयों को 1947 ई॰ में सत्ता हस्तान्तरित किए जाने के समय कांग्रेस अध्यक्ष कौन थे ?**

(A) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(B) डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद
(C) अबुल कलाम आजाद
(D) जे. बी. कृपलानी

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-आजादी के समय (15 अगस्त, 1947) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष जे. वी. कृपलानी थे। ये 1946 के मेरठ अधिवेशन में कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे।

**11. बंगाल 1905 ई॰ में विभाजित हुआ, जिसके विरोध के फलस्वरूप यह दुबारा विभाजित हुआ-**

(A) 1906 ई॰ में (B) 1916 ई॰ में
(C) 1911 ई॰ में (D) 1909 ई॰ में

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-दिसंबर, 1911 को दिल्ली के शाही दरबार में बिहार तथा उड़ीसा को बंगाल से अलग प्रांत बनाने की घोषणा हुई। 1 अप्रैल, 1912 को नया प्रांत अस्तित्व में आ गया।

**स्रोत**-सृजन बिहार विशेष/P.T. विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-23

**12. निम्नलिखित में से एक ने युद्ध के समय भारत के रक्षा कानून के प्रावधानों को, जिसे 1915 में पंजाब के गदर के विरुद्ध इस्तेमाल किया गया था, शांति के समय भी जारी रखना चाहा था-**

(A) लॉर्ड कारमाइकल (B) सर रेजिनाल्ड क्रैडॉक
(C) लॉर्ड हार्डिंग (D) लार्ड विलियम बैटिंक

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-लॉर्ड हार्डिंग (1910-16) के समय मार्च, 1915 में गदर आंदोलन को कुचलने के लिए भारत रक्षा कानून लाया गया। इसके तहत 46 गदर आंदोलनकारियों को मृत्युदंड तथा 64 को आजीवन कारावास दिया गया। हार्डिंग इसे शांतिकाल में भी लागू रखना चाहता था।

**13. अमृतसर के जालियाँवाला बाग में भीड़ (Crowd) का दमन हुआ-**

(A) 1 जून, 1918 (B) 13 अप्रैल, 1919
(C) 14 अप्रैल, 1920 (D) 6 जुलाई, 1921

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-13 अप्रैल, 1919 को पंजाब के अमृतसर के जलियाँवाला बाग में जनरल डायर ने निहत्थी भीड़ पर गोलियाँ चलवायी। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने विरोधस्वरूप नाइटहुट सम्मान लौटा दिया।

**स्रोत**-स्वतंत्रता संग्राम/बिपिन चंद्र, अमलेश त्रिपाठी, बरुण दे/नेशनल बुक ट्रस्ट/1998/पृष्ठ सं॰-97-98

**14. लंदन में द्वितीय गोलमेज सम्मेलन की असफलता इनकी छत्रछाया (Back Drop) में हुआ-**

(A) इमरसन-गाँधी समझौता
(B) हैले-गाँधी समझौता
(C) इर्विन-गाँधी समझौता
(D) गाँधी-साइमन समझौता

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-गांधी-इर्विन समझौते (5 मार्च, 1931) में कांग्रेस ने इस शर्त पर द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेना स्वीकार किया कि भारत की स्वतंत्रता तथा रक्षा, विदेशी मामले, अल्पसंख्यकों की स्थिति जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। लेकिन सम्मेलन में न केवल भारत की स्वतंत्रता के संबंध में कुछ नहीं कहा गया बल्कि पृथक् प्रतिनिधित्व का विस्तार कर दिया गया। फलत: गांधीजी निराश लौट आए।

**15. सन् 1932 में निम्नलिखित में से एक आदेश पारित करके अखिल भारतीय कांग्रेस समिति को गैर कानूनी करार दे दिया गया था, वह आदेश है-**

(A) गैर-कानूनी संघ अध्यादेश
(B) शांति कानून का उल्लंघन
(C) कार्यपालक अधिकार अध्यादेश
(D) वायसराय का विशेष आदेश

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-4 जनवरी, 1932 से ब्रिटिश सरकार ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रति कठोर दमन का रुख अपनाया/ आपातकालीन शक्तियों, गैर-कानूनी सभा-समितियों, गैर-कानूनी भड़कने वाली कार्यवाहियों तथा उपद्रव एवं बहिष्कार संबंधी अध्यादेश निकाले गए। गैर-कानूनी सभ्य-समिति अध्यादेश द्वारा कांग्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/ पृष्ठ सं॰-363

**16. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गाँधी के करीबी अंग्रेज मित्र थे-**

(A) रेवरण्ड थॉमस मूर
(B) ए. ओ. ह्यूम



Downloaded from: www.studymarathon.com

(C) रेवरण्ड चार्ली एन्ड्रयूज
(D) विलियम वावेल

उत्तर-(C)

**17. प्रथम भारतीय जिन्होंने स्वाधीन भारत में गवर्नर जनरल का पदभार ग्रहण किया, थे-**

(A) जमनालाल बजाज (B) सी. राजगोपालचारी
(C) डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद (D) एम. ए. अंसारी

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-सी. राजगोपालाचारी स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय तथा अंतिम गवर्नर-जनरल (1948-50) थे। इससे पूर्व वे 1946-47 में गवर्नर-जनरल की कार्यकारी परिषद् के सदस्य रह चुके थे।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ-531

**18. इलाहाबाद में संपन्न कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक (अप्रैल-मई 1947) में, निम्नलिखित सदस्यों में से एक सदस्य भारत के नाजीवाद, फासीवाद तथा साम्राज्यवाद विरोधी निश्चित रुख के कारण जापान के विरुद्ध गुरिल्ला युद्ध की अपनी योजना के पक्ष में बहुमत जुटाने में सक्षम हुए, वे थे-**

(A) सुभाचन्द्र बोस
(B) सरोजिनी नायडू
(C) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद
(D) पं॰ जवाहरलाल नेहरू

उत्तर-(D)

**19. महात्मा गांधी का मानना था कि द्वितीय विश्वयुद्ध में भागीदारी से आशय निम्नलिखित सिद्धान्त का उल्लंघन होगा-**

(A) न्याय (Justice)
(B) समानता (Equility)
(C) समाजवादी (Socialism)
(D) अहिंसा (Non-violence)

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-गांधी तथा कांग्रेस भारत को द्वितीय विश्वयुद्ध में शामिल करने के विरोधी थे। गांधीजी को लगता था कि युद्ध का समर्थन उनके अहिंसा के सिद्धांत के विरुद्ध होगा।

**स्रोत**-आधुनिक भारत/सुमित सरकार/राजकमल प्रकाशन/1992/पृष्ठ सं॰-427

**20. बिहार में महात्मा गाँधी के पूर्व सापेक्ष राष्ट्रीय सक्रियता की अनुपस्थिति इसके अभाव में देखी जा सकती है-**

(A) एकीकृत समुदाय (B) चरमपंथी समूह
(C) रचनात्मक क्षेत्रीय अभिजन
(D) वर्चस्वशाली मध्यवर्ग

उत्तर-(A)

**21. स्वतंत्रता पूर्व बिहार में निम्नलिखित में एक वर्चस्वशाली जाति (Dominnat caste) नहीं थी-**

(A) भूमिहार (B) राजपूत
(C) कायस्थ (D) कुर्मी

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-आजादी से पूर्व बिहार में उच्च जातियों-राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण, कायस्थ आदि का वर्चस्व था। आजादी के बाद पिछड़ी जातियों का उत्थान हुआ।

**22. स्वतंत्रतापूर्व बिहार में बड़े जमींदारों की राजनीतिक शक्ति बचाने का माध्यम था-**

(A) राजकीय संसाधन को
(B) सामाजिक स्थिति को
(C) आर्थिक स्थिति को
(D) संस्कृति को

उत्तर-(C)

**23. बिहार प्रांतीय किसान-सभा का गठन किस सन् में हुआ-**

(A) फरवरी, 1931 (B) जनवरी 1933
(C) मार्च, 1929 (D) अप्रैल, 1932

उत्तर-(?)

**नोट** : उपर्युक्त चारों विकल्प में कोई सही है।

**व्याख्या**-किसान आंदोलन को प्रखर बनाने के लिए स्वामी सहजानंद सरस्वती ने 4 मार्च, 1928 को बिहार प्रांतीय किसान सभा की स्थापना की। इससे जुड़े अन्य नेता थे कार्यानंद शर्मा, राहुल सांकृत्यायन, पंचानन शर्मा, यदुनंदन शर्मा आदि।

**स्रोत**-सृजन बिहार विशेष/P.T. विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-25

**24. हड़प्पा में एक उन्नत जल प्रबन्धन प्रणाली का पता चलता है-**

(A) धौलावीरा में (B) लोथल में
(C) कालीबंगा में (D) आलमगीरपुर में

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-धौलावीरा (कच्छ, गुजरात) की खोज 1967-68 में जगतपति जोशी ने की थी। मनहर तथा मनसर नदियों के बीच स्थित इस पुरास्थल से आश्चर्यजनक जल-प्रबंधन तंत्र (Amaging Water Management System) का साक्ष्य मिला है।

**स्रोत**-हड़प्पा सभ्यता एवं संस्कृति/अंशुमान द्विवेदी/ज्ञान भारती पब्लिसशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स/2000/पृष्ठ सं॰-85/87

**25. सोलह महाजनपदों की सूची उपलब्ध है-**

(A) महाभारत में (B) अंगुत्तर निकाय में
(C) छांदोग्य उपनिषद में (D) संयुक्त निकाय में

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-बौद्ध ग्रंथ अंगुत्तर निकाय तथा जैन ग्रंथ भगवती



Downloaded from: www.studymarathon.com

सूत्र में 16 महाजनपदों की सूची मिलती है। किंतु दोनों की सूची में कुछ अंतर है।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाईटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-109

**26. ईसा पूर्व छठी सदी में विश्व की प्रथम गणतंत्रात्मक व्यवस्था कहाँ थी ?**

(A) वैशाली (B) एथेन्स

(C) स्पार्टा (D) पाटलिपुत्र

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-प्राचीन काल में विश्व के केवल चार देशों में प्रजातांत्रिक या गणतांत्रिक शासन था-1. भारत (वैशाली के वज्जि संघ), 2. यूनान में एथेंस, 3. इटली में रोम तथा 4. उत्तरी अफ्रीका के ट्यूनिश में कार्थेज। कालक्रमानुसार इनमें भारत का गणतंत्र सर्वाधिक प्राचीन था।

**स्रोत**-बिहार का इतिहास/कौलेश्वर राय/किताब महल/2007/पृष्ठ सं०-57

**27. जिसके ग्रंथ में चन्द्रगुप्त मौर्य का विशिष्ट रूप से वर्णन हुआ है, वह है-**

(A) भास (B) शूद्रक

(C) विशाखदत्त (D) अश्वघोष

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-विशाखदत्त गुप्तकालीन नाटककार थे। इनकी कृति 'मुद्राराक्षस' में चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन-संबंधी घटनाओं का विवरण है।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/. युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-791

**28. वह स्रोत जिसमें पाटलिपुत्र के प्रशासन का वर्णन उपलब्ध है, वह है-**

(A) दिव्यावदान (B) अर्थशास्त्र

(C) इण्डिका (D) अशोक के शिलालेख

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-मेगास्थनीज कृत 'इंडिका' में पाटलीपुत्र के प्रशासन का विवरण मिला है। 'इंडिका' के अनुसार नगर का प्रबंध नगर परिषद् (Municipal Board) द्वारा होता था, जिसमें पाँच-पाँच सदस्यों वाली छह समितियाँ काम करती थीं।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-222

**29. तृतीय बौद्ध संगीति कहाँ आयोजित हुई ?**

(A) वत्स में (B) पाटलिपुत्र में

(C) कौशाम्बी में (D) कश्मीर में

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-सम्राट अशोक महान् के समय 250 ईसापूर्व में तृतीय बौद्ध संगीति का आयोजन पाटलीपुत्र में हुआ। इसकी अध्यक्षता मोगलीपुत्र तिस्स ने की थी।

**स्रोत**-सृजन बिहार विशेष/P.T. परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं०-26

**30. किस शासक द्वारा सर्वप्रथम पाटलीपुत्र का राजधानी के रूप में चयन किया गया ?**

(A) अजातशत्रु द्वारा (B) कालाशोक द्वारा

(C) उदायिन द्वारा (D) कनिष्क द्वारा

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-हर्यकवंशीय शासक अजातशत्रु के पुत्र उदायिन ने अपनी राजधानी गंगा तथा सोन के संगम पर स्थित पाटलीपुत्र स्थानांतरित की थी। वह जैन मतानुयायी था।

**स्रोत**-सृजन बिहार विशेष/P.T. परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं०-17

**31. अशोक के शिलालेख (Incriptions) में प्रयुक्त भाषा है-**

(A) संस्कृत (B) प्राकृत

(C) पालि (D) हिन्दी

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-अशोक के अभिलेख अफगानिस्तान क्षेत्र में यूनानी-अरमाइक भाषा तथा लिपि में, पाकिस्तान में प्राकृत भाषा तथा खरोष्ठी लिपि में तथा शेष भारत में प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में पाए गए हैं।

**स्रोत**-प्राचीन भारत/कक्षा-XI/NCERT/मक्खन लाल/2003/पृष्ठ सं०-139

**32. निम्नलिखित में से किस मौर्य राजा ने दक्कन की विजय की थी ?**

(A) अशोक (B) चन्द्रगुप्त

(C) बिन्दुसार (D) कुणाल

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-जैन तथा तमिल स्रोतों के आधार पर दकन की विजय का श्रेय चंद्रगुप्त मौर्य को दिया जाता है। चंद्रगुप्त अपने जीवन के अंतिम दिनों में तपस्या के लिए श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) गए थे।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-218

**33. मेगास्थनीज ने भारतीय समाज को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया ?**

(A) चार (B) पाँच

(C) छः (D) सात

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-मेगास्थनीज ने भारतीय समाज को 7 वर्गों में बाँटा था- दार्शनिक, कृषक, शिकारी और पशुपालक, व्यापारी और शिल्पी, योद्धा, निरीक्षक तथा मंत्री।

**स्रोत**-प्राचीन भारत तथा इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं०-222



Downloaded from: www.studymarathon.com

34. **अर्थशास्त्र के अनुसार 'सीता' भूमि का अभिप्राय है-**
(A) न जोती जाने वाली अनुपयोगी भूमि
(B) ब्राह्मणों के स्वामित्व वाली भूमि
(C) जनजातियों द्वारा जोती जाने वाली भूमि
(D) वनीय भूमि

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-मौर्य-काल में राजकीय भूमि को 'सीता' कहा जाता था, जिससे प्राप्त आय को भी 'सीता' ही कहा जाता था। 'सीता' भूमि की व्यवस्था 'सीताध्यक्ष' देखता था, जो दासों, मजदूरों तथा बंदियों की सहायता से खेती करवाता था।

35. **चीनी यात्री ह्वेनसांग ने किस विश्वविद्यालय में अध्ययन किया था ?**
(A) तक्षशिला (B) विक्रमशीला
(C) मगध (D) नालन्दा

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-अपने भारत भ्रमण के दौरान ह्वेनसांग 637 ई. में नालंदा विश्वविद्यालय गया। यहाँ के कुलपति आचार्य शीलभद्र थे। नालंदा में डेढ़ वर्ष रहकर उसने योगशास्त्र का अध्ययन किया।

**स्रोत**-प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति/के.सी. श्रीवास्तव/युनाइटेड बुक डिपो/2010-11/पृष्ठ सं॰-496

36. **"जब उसने राजस्व (Kingship) प्राप्त किया, तो वह शरीयत के नियमों और आदेशों से पूर्णतया स्वतंत्र था।" बरनी ने यह कथन किस सुल्तान के लिए कहा ?**
(A) इल्तुतमिश (B) बलबन
(C) अलाउद्दीन खिलजी (D) मुहम्मद तुगलक

उत्तर-(C)

37. **सल्तनत काल में भू-राजस्व का सर्वोच्च ग्रामीण अधिकारी था-**
(A) चौधरी (B) रावत
(C) मलिक (D) पटवारी

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-सल्तनतकाल में ग्रामीण क्षेत्र में चौधरी तथा मुकद्दम राजस्व पदाधिकारी होते थे। इससे ऊपर शिक में आमिल होता था। इक्ता में राजस्व निर्धारित करने तथा वसूल करने का कार्य मुक्ती के हाथ में होता था।

**स्रोत**-भारत का इतिहास 1000 से 1707/आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव/शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी/1991/पृष्ठ सं॰-145

38. **मुगल प्रशासन में 'मदद-ए-माश' इंगित करता है-**
(A) चुंगी कर (Toll tax)
(B) विद्वानों को दी जाने वाली राजस्व मुक्त अनुदत्त भूमि
(C) सैन्य अधिकारियों को दी जाने वाली पेन्शन
(D) बुवाई कर (Cultivation tax)

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-मुगलकाल में 'मदद-ए-माश' का अर्थ ऐसी जमीन से था, जो धार्मिक लोगों, विद्वानों और सम्माननीय नागरिकों को दी जाती थी, या उन लोगों को जिनके पास अजीविका का कोई अन्य साधन नहीं होता था।

**स्रोत**-मध्यकालीन भारत, भाग-2/हरिश्चंद्र वर्मा/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/1998/पृष्ठ सं॰-103

39. **'दास्तान-ए-अमीर हम्जा' का चित्रांकन किसके द्वारा किया गया ?**
(A) अब्दुस समद (B) मंसूर अली
(C) मीर सैयद अली (D) अबुल हसन

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-'दास्तान-ए-अमीर हम्जा' अथवा 'हम्जानामा' मुगल चित्रकला की पहली महत्वपूर्ण कृति है, जिसमें 1200 से अधिक चित्र हैं। यह 15 वर्षों में पूरा हुआ, जिसमें पहले सैयद अली तथा बाद में अब्दुस्समद के मार्ग-निर्देशन में बिहजाद जैसे पचास चित्रकारों ने काम किया था।

**स्रोत**-मध्यकालीन भारत, भाग-2/हरिश्चंद्र वर्मा/हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय/1998/पृष्ठ सं॰-470

40. **18वीं सदी में बंगाल में वस्त्र-उद्योग के पतन के लिए उत्तरदायी कारण था-**
(A) उत्पादन की गुणवत्ता में कमी
(B) कच्चे माल की अनुपलब्धता
(C) ब्रिटेन को निर्यात करने वाले माल पर उच्च तट कर
(D) कारीगरों की अनुपलब्धता

उत्तर-(C)

41. **1927 की बटलर कमेटी का उद्देश्य था-**
(A) भारतीय सेना का आधुनिकीकरण करना
(B) भारतीय कृषि का आधुनिकीकरण करना
(C) राष्ट्रीय समाचार-पत्रों पर सेन्सर लागू करना
(D) भारत सरकार तथा देशी राज्यों के मध्य संबंधों को सुधारना

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-बटलर समिति का गठन 1927 में भारतीय रियासतों तथा क्राउन के बीच संबंधों को परिभाषित करने के लिए किया गया था।

**स्रोत**-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस. चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-251

42. **सन् 1935 के विधेयक के तहत् गठित संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष कौन थे, जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार कानून 1935 निर्मित हुआ ?**
(A) लॉर्ड लिनलिथगो (B) जेम्स मेक्डोनाल्ड
(C) विंस्टन चर्चिल (D) क्लीमेंट एटली

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-गोलमेज सम्मेलनों के वाद-विवाद के आधार पर मार्च, 1933 को ब्रिटिश सरकार ने श्वेत-पत्र प्रकाशित

Downloaded from: www.studymarathon.com

किया। इसके बाद लॉर्ड लिनलिथगो के नेतृत्व में ब्रिटिश संसद के दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति ने अक्टूबर, 1934 में अपनी रिपोर्ट दी। इनके आधार पर भारत सरकार अनिधियम, 1935 लाया गया।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/अखिल मूर्ति/मूर्ति पब्लिकेशन/2011/पृष्ठ सं॰-308

**43. 1906 ई॰ में मिन्टो से शिमला में मिले मुसलमानों के शिष्टमण्डल ने प्रार्थना की-**

(A) मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचक वर्ग
(B) संयुक्त निर्वाचक वर्ग
(C) हिन्दुओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने के लिए
(D) मुसलमानों को मनोनयन द्वारा विशेष प्रतिनिधित्व देने के लिए

उत्तर-(A)

व्याख्या-एम. ए. ओ. कॉलेज अलीगढ़ के प्रिंसिपल आर्चबोल्ड के सुझाव पर आगा खाँ एक प्रतिनिधिमंडल लेकर अक्टूबर, 1906 में शिमला में मिंटो से मिला तथा मुसलमानों के लिए पृथक् निर्वाचन मंडल की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल को मो. अली ने 'आज्ञानुसार कार्य' (Command performance) की संज्ञा दी।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस.चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-422

**44. नागरिक सेवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली को सिद्धान्ततः स्वीकार किया गया-**

(A) 1833 ई॰ में (B) 1853 ई॰ में
(C) 1858 ई॰ में (D) 1882 ई॰ में

उत्तर-(B)

व्याख्या-सर्वप्रथम 1853 के चार्टर एक्ट में नागरिक सेवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली को स्वीकार किया गया। 1854 में मैकाले की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया, ताकि इस योजना को लागू किया जा सके।

स्रोत-आधुनिक भारत का इतिहास/बी.एल. ग्रोवर, अलका मेहता, यशपाल/एस.चंद एंड कंपनी/2010/पृष्ठ सं॰-374

**45. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है ?**

(A) महात्मा गाँधी (B) सुभाषचन्द्र बोस
(C) जयप्रकाश नारायण (D) बाल गंगाधर तिलक

उत्तर-(C)

**46. स्वतंत्रतापूर्व बिहार में समाजवादी विचारधारा के प्रसार का श्रेय जाता है-**

(A) जय प्रकाश नारायण एवं बी. पी. सिन्हा की पाश्चात्य शिक्षा को
(B) अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी आंदोलन को
(C) कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं की क्रांतिकारिता को
(D) ब्रिटेन की लेबर पार्टी को

उत्तर-(C)

व्याख्या-कांग्रेस के नेतृत्व को प्रगतिशील बनाने के उद्देश्य से उत्तरी बिहार के कुछ युवकों ने समाजवादी संघों की स्थापना 1931 में की। इसमें शामिल थे-गंगा शरण सिन्हा, रामानंद मिश्र, रामवृक्ष बेनीपुरी आदि। पुन: 1934 में पटना में कांग्रेस समाजवादी पार्टी की स्थापना की गई।

**47. ब्रिटिश राज में बिहार के कृषक वर्गों को निम्नलिखित श्रेणी में रखा जा सकता है-**

(A) पंचमुखी (Five-fold) वर्गीकरण
(B) चतुर्मुखी (Four-fold) वर्गीकरण
(C) त्रिमुखी (Three-fold) वर्गीकरण
(D) कोई वर्गीकरण नहीं

उत्तर-(A)

व्याख्या-ब्रिटिश शासन में बिहार के किसानों का पंचमुखी वर्गीकरण था—सम्पन्न किसान, बेहतर किसान, छोटे किसान, बटाईदार, भूमिहीन कृषक।

स्रोत-सृजन बिहार विशेष/P.T. परीक्षा विशेषांक/मनीष, संजीव, आशुतोष/पृष्ठ सं॰-32

**48. भारत अवस्थित है-**

(A) अक्षांश 8°4' द॰ से 37°6' उ॰ तथा देशान्तर 68°7' पश्चिम से 97°25' पूर्व के मध्य
(B) अक्षांश 8°4' उ॰ से 37°6' द॰ तथा देशान्तर 68°7' पूर्व से 97°25' पश्चिम के मध्य
(C) अक्षांश 8°4' उ॰ से 37°6' उ॰ तथा देशान्तर 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्व के मध्य।
(D) अक्षांश 8°4' द॰ से 37°6' द॰ तथा देशान्तर 68°7' पश्चिम से 97°25' पश्चिम के मध्य।

उत्तर-(C)

व्याख्या-भारत मुख्यत: उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। इसकी मुख्य भूमि 8°4' उ॰ और 37°6' उत्तरी अक्षांश और 68°7' और 97°25' पूर्वी देशांतर के बीच फैली हुई है। इसका विस्तार उत्तर से दक्षिण तक 3,114 कि. मी. और पूर्व से पश्चिम तक 2,933 कि. मी. है। इसकी भूमि सीमा लगभग 15,200 किमी॰ तथा समुद्री सीमा द्वीपों को सम्मिलित कर 7516.6 किमी॰ है।

स्रोत-भारत 2013, प्रकाशन विभाग, भारत सरकार, पृष्ठ सं॰-1

**49. हिमालय काटकर एवं बहकर आने वाली नदियाँ है-**

(A) सतलज, सिन्धु, गंगा
(B) ब्रह्मपुत्र, सतलज, सिन्धु
(C) ब्रह्मपुत्र, सिन्धु, गंगा
(D) सतलज, ब्रह्मपुत्र, यमुना

उत्तर-(B)

व्याख्या-ब्रह्मपुत्र, सिंधु तथा सतलज नदियों का उद्‌गम स्रोत तिब्बत की उच्च भूमि के दक्षिण ढालों में मानसरोवर झील से मानी जाती है। ब्रह्मपुत्र, सतलज, सिन्धु, कोसी, गंडक,



Downloaded from: www.studymarathon.com

अलकनंदा की गहरी घाटियों से प्रमाणित होता है कि ये हिमालय से भी पुरानी है। हिमालय के उत्थान की अवधि में भी ये नदियाँ बहती रही है। ये नदियाँ हिमालय के उच्चावच की अनुवर्ती नहीं है। ये पूर्ववर्ती अपवाह का सुन्दर उदाहरण हैं।

स्रोत-भारत-भौतिक पर्यावरण (भूगोल), NCERT, कक्षा-XI पृष्ठ सं०-30

**50. भारत में ताम्र, स्वर्ण, लौह, कोयला निम्नलिखित में से किस वर्ग के स्थानों से क्रमबद्ध है।**

(A) खेतड़ी, कोलार, कुद्रेमुख, झरिया
(B) कोलार, खेतड़ी, कुद्रेमुख, झरिया
(C) झरिया, कोलार, कुद्रेमुख, खेतड़ी
(D) खेतड़ी, कुद्रेमुख, कोलार, झरिया

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत में ताम्र खान खेतड़ी (राजस्थान) में, कोलार तथा हट्टी (कर्नाटक) जहाँ स्वर्ण पाया जाता है। कुद्रेमुख कर्नाटक में अवस्थित है जहाँ लौह अयस्क पाया जाता है। झरिया झारखण्ड में अवस्थित है जो कोयले की खान है।

स्रोत-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस।

**51. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से भारतीय राज्यों का कौन-सा समूह जनसंख्या घनत्व का सही अवरोही क्रम दर्शाता है-**

(A) पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, हरियाणा
(B) तमिलनाडु, पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा
(C) पंजाब, तमिलनाडु, हरियाणा, महाराष्ट्र
(D) हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु

उत्तर-(C)

| | 2001 जनघनत्व | 2011 जनघनत्व |
|---|---|---|
| पंजाब - | 482 I | 550 III |
| तमिलनाडु - | 478 II | 555 II |
| हरियाणा - | 477 III | 573 I |
| महाराष्ट्र - | 314 IV | 365 IV |
| संपूर्ण भारत का जनघनत्व- | 324 | 382 |

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं०-29

**52. निम्न कथनों पर मनन कीजिए-**

**कथन (A)** भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की चौदह तेल शोधनशालाओं में से सात तट पर स्थित है।

**कारण** (R) तटीय एवं अपटीय तेल क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल प्राप्त होता है।

कूट : (a) A और R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण करता है।
(b) A और R दोनों सही है R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं करता है।
(c) A सही और R गलत है।
(d) A गलत है किन्तु R सही है।

उत्तर-(D)

व्याख्या-इस समय देश में 21 तेलशोधक कारखाने है जिनमें 17 सार्वजनिक क्षेत्र 3 निजी क्षेत्र, 1 संयुक्त क्षेत्र। सबसे अधिक तेल तटीय क्षेत्र में प्राप्त है जैसे बम्बई हाई तथा गुजरात।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक 2012 पृष्ठ सं०-128-129

**53. किस राज्य की अन्य देशों से भौगोलिक सीमाएँ नहीं जुड़ी है?**

(A) राजस्थान (B) पंजाब
(C) बिहार (D) हरियाणा

उत्तर-(D)

व्याख्या-राजस्थान एवं पंजाब राज्य की सीमाएँ पाकिस्तान के साथ, बिहार की सीमा नेपाल देश के साथ जुड़ी है लेकिन हरियाणा राज्य की सीमाएँ किसी देश के साथ नहीं जुड़ती है।

स्रोत-The ttk स्कूल एटलस।

**54. भारत की जनसंख्या कब 100 करोड़ हो गई?**

(A) मई, 2000 (B) मई, 2001
(C) मई, 2002 (D) मई 2003

उत्तर-(A)

व्याख्या-भारत की जनसंख्या 100 करोड़ मई, 2000 में हुई। एक अरबवें शिशु का जन्म मई 2000 ई० में दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में हुआ था जिसका नाम आस्था रखा गया।

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिक्तांक, भारतीय अर्थव्यवस्था।

**55. जनगणना सन् 2001 ई० के अनुसार भारत में लिंग अनुपात क्या है?**

(A) प्रति 1000 पुरुषों पर 933 महिलाएँ
(B) प्रति 1000 पुरुषों पर 945 महिलाएँ
(C) प्रति 1000 पुरुषों पर 964 महिलाएँ
(D) प्रति 1000 पुरुषों पर 985 महिलाएँ

उत्तर-(A)

| जनसंख्या | लिंगानुपात |
|---|---|
| 1991 | 927 |
| 2001 | 933 |
| 2011 | 940 |

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक, पृष्ठ सं०-92

**56. भारत के मत्स्य संसाधनों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर मनन कीजिए-**

1. मत्स्य उत्पादन में भारत का विश्व में छठा स्थान है तथा अन्तः स्थलीय मत्स्य उत्पादन में दूसरा स्थान है।
2. भारत के पास गहन सागरीय मत्स्य हेतु 20 लाख वर्ग किमी० का अनन्य आर्थिक क्षेत्र मौजूद है जोतट से 320 किमी० तक समुद्र में विस्तृत है।



Downloaded from: www.studymarathon.com

3. भारत के सकल घरेलू उत्पादन में मत्स्य व्यवसाय का योगदान लगभग 1% है।
4. भारत का वर्तमान वार्षिक मत्स्य उत्पादन लगभग 30 मिलियन टन है। जिसका 60% से अधिक निर्यात किया जाता है।

इन कथनों में से कौन-से सही है?

(A) 1 और 2 (B) 2 और 4
(C) 3 और 4 (D) 1, 2 और 3

नोट : प्रश्न पूछते समय उत्तर-(D) वर्तमान में कोई उत्तर नहीं होगा।

व्याख्या-वर्तमान समय में मत्स्य उत्पाद लगभग 82.9 लाख टन है। भारत विश्व में मछली उत्पादन का तीसरा सबसे बड़ा तथा अन्तर्देशीय मत्स्य का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। मत्स्य क्षेत्र देश के 14 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है। इस उद्योग के विकास के लिए सरकार ने राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड की स्थापना की है, जिसका मुख्यालय हैदराबाद में है।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतियोगिता दर्पण का अतिरिकांक 2012, पृष्ठ सं॰-111

**57. सूची-I (वन प्रकार) को सूची-II (प्रदेश) से सहसम्बन्धित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (वन प्रकार) | सूची-II (प्रदेश) |
|---|---|
| (A) उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार | 1. छोटा नागपुर पठार, शिवालिक |
| (B) मानसून | 2. शिलांग पठार, सह्याद्रि |
| (C) शीतोष्ण | 3. पश्चिम बंगाल, तराई |
| (D) कच्छ (मैंग्रोव) | 4. पूर्वी और पश्चिमी हिमालय, नीलगिरि |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

उत्तर-(C)

व्याख्या-उष्ण कटिबंधीय सदाहरित वन उन क्षेत्रों में पाया जाता है, जहाँ 130 और 250 सें॰ मी॰ के बीच वर्षा तथा तापमान 22° – 27° से॰ तक रहता है। इन्हें वर्षा वन कहते है। यह मुख्यत: उत्तर पूर्वी भारत (शिलांग पठार) पश्चिमी घाट (सह्याद्रि) अंडमान निकोबार में पायी जाती है। मानसूनी वनस्पति का मुख्य क्षेत्र झारखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि तक विस्तृत है। शीतोष्ण वनस्पति 15,00 से लेकर 3,500 मी॰ ऊँचाई तक पायी जाती है, वहीं प्रायद्वीपीय पर्वतीय क्षेत्र में 1500 मी॰ ऊँचाई पर पायी जाती है। इसका विस्तार नीलगिरी, अनैमलाई एवं पलनी पहाड़ियों पर है। डेल्टाई अथवा ज्वारीय वन मुख्य रूप से समुद्रतटीय एवं निम्न डेल्टाई क्षेत्र में पाये जाते हैं। इसका वितरण मुख्य रूप से गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा, महानदी डेल्टा, चिल्का झील, अण्डमान निकोबार द्वीप इत्यादि क्षेत्रों में पाया जाता है।

स्रोत-NCERT, भौतिक पर्यावरण (भूगोल), कक्षा-XI, पृष्ठ सं॰-64, 65, 66, 67

**58. विश्व के विशाल वलित पर्वतों की रचना आज से लगभग कितने मिलियन वर्ष पूर्व हुई थी।**

(A) 400 (B) 320
(C) 220 (D) 30

उत्तर-(D)

व्याख्या-विश्व के विशालतम वलित पर्वतों का निर्माण 30 मिलियन वर्ष पूर्व हुआ। इस पर्वतीय दौर को अल्पाइन पर्वतीकरण कहते है। इस समय के प्रमुख अल्पाइन पर्वत हैं। हिमालय (एशिया में) आल्पस (यूरोप में) रॉकीज (उत्तरी अमेरिका) में एण्डीज (द॰ अमेरिका) इसके अलावे अनेक नवीन मोड़दार पर्वतों का निर्माण हुआ।

स्रोत-भौतिक भूगोल, सविन्द्र सिंह, पृष्ठ सं॰-166, 167

**59. विश्व के 80% सक्रिय ज्वालामुखी निम्नलिखित में से किन पेटियों में पाए जाते है-**

1. अन्ध महासागरीय पेटी 2. मध्य-महाद्वीपीय पेटी
3. परि-प्रशान्त पेटी 4. हिन्द महासागरीय पेटी

कूट :-

(a) 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1 और 2

उत्तर-(A)

व्याख्या-ज्वालामुखी का वितरण संसार में असमान है। आस्ट्रेलिया महाद्वीप में एक भी ज्वालामुखी नहीं हैं। प्रशांत परिमेखला, जिसे 'अग्नि-वलय' कहते हैं, में सबसे अधिक सक्रिय ज्वालामुखी हैं जो अमेरिका व एशिया के तटों पर अवस्थित है। मध्य महाद्वीपीय पट्टी का इनमें दूसरा स्थान है। अफ्रीका का स्थान तीसरा है।

स्रोत-भूगोल का सिद्धांत, भाग-I कक्षा-XI NCERT, पृष्ठ सं॰-36,40

**60. विश्व के विशालतम स्वर्ण क्षेत्र दक्षिण अफ्रीका की निम्न में से कौन-सी पर्वत ग्रंथियों में अवस्थित है।**

(A) रोगेवेल्डबर्ग (B) गूट स्वार्ट वर्ग
(C) विटवाटसरैन्ड (D) ड्रैकेन्सबर्ग

उत्तर-(C)

व्याख्या-दक्षिण अफ्रीका की जोहान्सबर्ग के समीप स्वर्ण का खान विटवाटसरैण्ड पर्वत श्रेणी में स्थित है।

स्रोत-नवीन राष्ट्रीय स्कूल एटलस, पृष्ठ-148।



Downloaded from: www.studymarathon.com

61. विश्व में अधिकतम सम्भाव्य जलशक्ति वाले कतिपय नदी बेसिन है-
(A) कांगो, कोलम्बिया, यांग्टसी
(B) कांगो, अमेजन, नर्मदा
(C) कोलोरेडो, नर्मदा, सेण्ट लारेन्स
(D) नील, अमेजन, ओब

उत्तर-(A)

व्याख्या-कांगो (अफ्रीका महाद्वीप में), कोलम्बिया (उत्तर अमेरिका में) तथा यांग्टसी (चीन में) विश्व में अधिकतम संभाव्य जलशक्ति वाले बेसिन है।
स्रोत-आर्थिक भूगोल-काशीनाथ सिंह, पृष्ठ-210

62. निम्नलिखित में कौन-से प्रमुख समूह में हमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या का मधुमक्खी छत्ते की भाँति संकेन्द्रण देखने को मिलती है?
(A) पूर्वोत्तर संयुक्त राज्य अमेरिका
(B) मध्य प्रदेश
(C) दक्षिण एवं पूर्व एशिया
(D) पश्चिमोत्तर यूरोप

उत्तर-(C)

व्याख्या-संसार की दो तिहाई जनसंख्या पूर्व एवं दक्षिण एशिया में पायी जाती है।
स्रोत-मानव भूगोल के मूल सिद्धांत, कक्षा-12, NCERT, पृष्ठ सं॰-14

63. वर्ष 2001-02 तथा वर्ष 2002-03 के दौरान भारत के कृषि व्यापार के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर मनन कीजिए-
1. भारत के कुल आयात में कृषि-आयात का योगदान लगभग 12% रहा।
2. भारत के कुल कृषि-आयात मूल्य में खाद्य तेलों का योगदान लगभग 62% रहा है।
3. भारत के कुल निर्यात में कृषि निर्यात का योगदान लगभग 4% रहा।
4. भारत में कुल कृषि-निर्यात मूल्य में समुद्री उत्पादों का योगदान लगभग 23% रहा है।

इनमें से कौन-सा कथन सही है-
(A) 2 और 4
(B) 1 और 2
(C) 2 और 3
(D) 1, 3 और 4

उत्तर-(A)

व्याख्या-

| | | 2001-02 | 2002-03 |
|---|---|---|---|
| आयात- | i. कुल आयात में कृषि आयात | 4.5% | 4.6% |
| | ii. कृषि आयात में खाद्य तेल का योगदान | 59.1% | 64.7% |
| निर्यात- | i. कुल निर्यात में कृषि निर्यात | 13.5% | 12.8% |
| | ii. कृषि निर्यात में समुद्री उत्पाद | 21% | 21.3% |

स्रोत-आर्थिक समीक्षा 2003-04, पृष्ठ सं॰-167-68

64. कौन-सा आर्थिक अधिसंरचना में नहीं आता है?
(A) सड़कें
(B) रेलवे
(C) शिक्षा एवं स्वास्थ्य
(D) ऊर्जा

उत्तर-(C)

व्याख्या-आर्थिक अधिसंरचना के अन्तर्गत-बिजली, सड़क दूरसंचार, परिवहन, बीमा, बैंक आदि आते हैं। शिक्षा एवं स्वास्थ्य, आवास आदि सामाजिक अधिसंरचना के अन्तर्गत आते है।
स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-66

65. सामाजिक अधिसंरचना में किसे शामिल नहीं किया गया है।
(A) शिक्षा
(B) स्वास्थ्य
(C) तार-संचार (दूर-संचार)
(D) आवास

उत्तर-(C)

66. भारत में 'कोर उद्योग' क्या है?
(A) विद्युत
(B) कोयला
(C) पेट्रोलियम पदार्थ
(D) ये सभी

उत्तर-(D)

व्याख्या-ऐसा उद्योग जिस पर दूसरे उद्योगों का विकास निर्भर करता है। जैसे-सीमेन्ट, लोहा, इस्पात, पेट्रोलियम, भारी मशीनरी इत्यादि।
स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक 2012, पृष्ठ सं॰-61

67. दसवीं योजना की अवधि क्या है ?
(A) 2002 ई॰ से 2007 ई॰
(B) 2000 ई॰ से 2005 ई॰
(C) 1999 ई॰ से 2003 ई॰
(D) इसमें से कोई नहीं

उत्तर-(A)

व्याख्या-दसवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि 1 अप्रैल 2002-2007 ई॰ तक थी, लेकिन लागू 21 दिसम्बर, 2002, को किया गया।
स्रोत-भारत 2013 प्रकाशन विभाग पृष्ठ सं॰-696

68. अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग में किसे तीसरे स्तम्भ के रूप में जाना जाता है-
(A) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष
(B) विश्व बैंक
(C) विश्व व्यापार संगठन
(D) गैट

उत्तर-(C)

व्याख्या-WTO (विश्व व्यापार संगठन) को अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग में तीसरे स्तम्भ के रूप में जाना जाता है। इसकी स्थापना 1 जनवरी 1995 को उरूग्वे राउण्ड के आठवें दौर में हुई। इसके 123 संस्थापक देश थे, भारत



Downloaded from: www.studymarathon.com

उनमें से एक था, इसका मुख्यालय जेनेवा में स्थित है। वर्तमान सदस्यों की संख्या-154

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक-2012, पृष्ठ सं॰-278

**69. असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए किस उद्देश्य से सामाजिक सुरक्षा योजना शुरू की गई है-**

(A) वृद्धावस्था पेंशन (B) स्वास्थ्य बीमा

(C) व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा (D) उपरोक्त सभी

उत्तर-(D)

व्याख्या-असंगठित क्षेत्र कुल श्रमशक्ति का 93% रोजगार उपलब्ध कराती है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए निम्नलिखित सामाजिक सुरक्षा योजना शुरू की गई:-

(1) जीवन बीमा—इसके अंतर्गत स्वाभाविक मृत्यु पर रु॰ 30,000, दुर्घटना के कारण मृत्यु या सम्पूर्ण अयोग्यता की स्थिति में रु॰ 75,000 देय ।

(2) स्वास्थ्य बीमा-प्रत्येक श्रमिक एवं परिवारों के लिए प्रतिवर्ष रु॰ 15000 या बीमारी के लिए अस्पताल में 10,000 रु॰ देय।

(3) वृद्धावस्था पेंशन-गरीबी रेखा के नीचे रहने वाला सभी श्रमिक जिसकी आयु 60 वर्ष या अधिक है को 200 रु॰ प्रतिमाह पेंशन दिया जायेगा।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुंदरम, पृष्ठ सं॰-749

**70. 12वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन है-**

(A) प्रो॰ डी. टी. लकड़ावाला

(B) डा॰ सी॰ रंगराजन

(C) श्री दिग्विजय सिंह

(D) श्री के. सी. पन्त

उत्तर-(B)

व्याख्या-संविधान के अनुच्छेद 280 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति के द्वारा वित्त आयोग का गठन, केन्द्र एवं राज्यों के बीच करों के शुद्ध मानकों के विरतण, भारत के संचित निधि में से राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान को शामिल करने एवं राष्ट्रपति द्वारा अन्य सौंपे गए कार्यों के लिए किया जाता है। 12वें वित आयोग का गठन 2003 में डा॰ सी॰ रंगराजन की अध्यक्षता में 2005-10 ई॰ तक की अवधि के लिए किया गया था। 13वाँ आयोग का गठन विजय केल्कर की अध्यक्षता में तथा 14वाँ वित्त आयोग का गठन वाई.वी. रेड्डी की अध्यक्षता में किया गया।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त एवं सुन्दरम् एवं प्रकाशन विभाग, भारत 2013, पृष्ठ सं॰-384।

**71. मिलेनियम विकास लक्ष्य में किसे शामिल नहीं किया गया है?**

(A) निर्धनता एवं भूख को समाप्त करना

(B) सर्वव्यापी प्राथमिक शिक्षा की प्राप्ति

(C) लैगिंक समानता एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना।

(D) दो अंकों वाली आर्थिक वृद्धि दर की प्राप्ति।

उत्तर-(D)

व्याख्या-2015 के लिए संयुक्त राष्ट्र की सहस्त्राब्दी घोषणा के अन्तर्गत निम्न लक्ष्य निर्धारित किये गये है-

1. 1 डालर प्रतिदिन से कम से जीवन व्यतीत करने वाली विश्व जनसंख्या के अनुपात को आधा करना
2. भूख से पीड़ित विश्व जनसंख्या के अनुपात को आधा करना।
3. सुरक्षित पीने के पानी से वंचित विश्व जनसंख्या को आधा करना।
4. सर्वव्यापक प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य को समाप्त करना।
5. शिक्षा की उपलब्धि में लिंग-समानता प्राप्त करना।
6. मातृ मृत्यु दर अनुपात को तीन-चौथाई कम करना।
7. एच. आई. वी. अथवा एड्स, मलेरिया एवं अन्य बीमारियों के प्रसार को रोकना और इन्हें समाप्त करना।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं-48

**72. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के अन्तर्गत "भारत में मानव विकास सूचकांक बनाने के लिए किसे एक घटक ( अवयव ) के रूप में नहीं लिया गया है-**

(A) अमेरिकी डॉलर में प्रति व्यक्ति वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) को

(B) साक्षरता दर

(C) जन्म पर जीवन प्रत्याशा आयु को

(D) शिशु मृत्यु को

उत्तर-(D)

व्याख्या-संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा 1990 में मानव विकास रिपोर्ट का प्रकाशन किया गया। तीन माप विकसित किये गये। मानव विकास सूचक, लिंग-संबंधित विकास सूचक और मानव निर्धनता सूचक। भारत में मानव विकास सूचक के तीन मूल आयाम निम्न है-(a) जन्म पर दर (b) प्रति व्यक्ति सकल देशीय उत्पाद (c) जीवन प्रत्याशा। अतः शिशु मृत्यु दर शामिल नहीं है।

स्रोत-भारतीय अर्थव्यवस्था-दत्त एवं सुन्दरम, पृष्ठ सं॰-45

**73. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना का कौन अवयव नहीं है-**

(A) प्राथमिक शिक्षा (B) प्राथमिक स्वास्थ्य

(C) पोषण (D) ग्रामीण सड़क

उत्तर-(C)

व्याख्या-प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना की शुरुआत पाँच तत्वों-स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, आवास तथा सड़कों से की गई थी। 2001-02 वार्षिक योजना में ग्रामीण विद्युतीकरण को भी शामिल किया गया।



Downloaded from: www.studymarathon.com

स्रोत-प्रतियोगिता दर्पण के अतिरिक्तांक, 2012, पृष्ठ सं॰-178

**74. निम्नलिखित में से कौन लगातार दो बार राष्ट्रपति रहे थे ?**

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (B) डॉ. एस. राधाकृष्णन

(C) डॉ. जाकिर हुसैन (D) (A) एवं (B) दोनों

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद 26 जनवरी 1950 से 13 मई 1962 ई. तक लगातार दो बार राष्ट्रपति बने। भारत में अभी तक केवल राजेन्द्र प्रसाद ही दो बार राष्ट्रपति बने। यह संविधान सभा के अध्यक्ष भी बने थे।

**स्रोत**-भारत 2013 प्रकाशन विभाग पृष्ठ सं॰-1096

**75. भारत के प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह का क्रम क्या है ?**

(A) 7वां (B) 11वां

(C) 14वां (D) 16वां

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-प्रधानमंत्रियों के रूप में मनमोहन सिंह का क्रम 19वां किन्तु व्यक्ति के रूप में 14वां है।

**स्रोत**-भारत 2013 प्रकाशन विभाग पृष्ठ संख्या-1097

**76. वित्त बिल के लिए किसकी पूर्व स्वीकृति आवश्यक है ?**

(A) प्रधानमन्त्री (B) वित्तमन्त्री

(C) भारत के राष्ट्रपति (D) किसी की भी नहीं

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-संविधान में वित्तीय विधेयक पद को पारिभाषित किया गया है। सामान्य बोलचाल में वित्तीय विधेयक ऐसा विधयेक है जिसका संबंध धन संबंधी विषयों से है। अनुच्छेद 110 में धन विधेयक की परिभाषा दी गई है। वित्तीय विधेयक ऐसा विधेयक है जिसमें अनु. 110 में उल्लिखित एक या अधिक विषयों के साथ-साथ साधारण विधान के उपबंध भी है, किन्तु यह एक सैद्धान्तिक प्रस्थापना है। विधेयक की प्रकृति क्या है, इसका निर्धारण अध्यक्ष के प्रमाण पत्र से होता है। वित्तीय विधेयक के दो लक्षण धन विधेयक के समान होते हैं-(क) दोनों लोक सभा में ही आरंभ हो सकते हैं। (ख) उन्हें राष्ट्रपति की सिफारिश के बिना पुनः स्थापित नहीं किया जा सकता।

**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-194

**77. वह कौन-सी सभा है जिसका अध्यक्ष उस सदन का सदस्य नहीं होता है ?**

(A) लोकसभा (B) राज्यसभा

(C) विधानसभा (D) विधान परिषद

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-भारतीय संविधान के अनुच्छेद 63 में कहा गया है कि भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होगा। यह अमेरिकी प्रथा का अनुसरण है। उपराष्ट्रपति संसद के किसी सदन या किसी राज्य विधानमंडल में किसी सदन का सदस्य नहीं होगा।

**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-158, 159

**78. संविधान के 73 वें संशोधन का सम्बन्ध किससे है ?**

(A) नगरपालिका नियम

(B) मकान किराया अधिनियम

(C) पंचायती राज अधिनियम

(D) सांसदों के वेतन एवं मँहगाई भत्ते में वृद्धि

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-दिसंबर 1992 में पारित 73वें व 74वें संशोधन द्वारा भाग-9 और 9क जोड़ा गया एवं क्रमशः 11वीं तथा 12वीं अनुसूचियाँ संविधान का अंग बन गया। 73वां संशोधन पंचायत संबंधी उपबंध करता है और 74वां नगरपालिकाओं के बारे में है।

**स्रोत**-हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-306

**79. लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए अधिकारी कौन नहीं होता है ?**

(A) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

(B) भारत के अटॉर्नी जनरल (महान्यायवादी)

(C) सॉलिसिटर जनरल (महान्यायाभिकर्ता)

(D) भारत के राष्ट्रपति का सचिव

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-लोकसभा की कार्यवाही में भारत का अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भाग ले सकते हैं। बोल भी सकता है किन्तु वोट नहीं दे सकते हैं।

**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय, पृष्ठ सं॰-178, बी. के. शर्मा, हमारा संविधान-सुभाष कश्यप, पृष्ठ सं॰-228

**80. किस संशोधन से 'समाजवाद' 'धर्मनिरपेक्षता' और 'राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता' शब्द भारतीय संविधान में जोड़ गए थे ?**

(A) 42वाँ संशोधन (B) 44वाँ संशोधन

(C) 52वाँ संशोधन (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-इस सांविधानिक संशोधन द्वारा महत्वपूर्ण संशोधन किया गया। यह सबसे बड़ा एवं व्यापक संशोधन था जो 1976 ई. में किया गया। ये संशोधन मुख्यतः स्वर्ण सिंह आयोग की सिफारिशों को लागू करने के लिए थे। संविधान की उद्देशिका में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष', 'अखंडता' का स्पष्ट समावेश किया गया, एक नया भाग 4क तथा अनुच्छेद 51क जोड़ा गया। लोक सभा एवं राज्यों के विधान सभाओं का कार्यकाल 5 वर्ष से बढ़कर 6 वर्ष कर दिया गया था।

**स्रोत**-हमारा संविधान, सुभाष-कश्यप, पृष्ठ-284, भारत 2013, प्रकाशन विभाग, भारत सरकार, पृष्ठ सं॰-1117



Downloaded from: www.studymarathon.com

**81. कौन-सी लोकसभा के चुनाव चार चरणों में हुए-**
(A) 11वीं (B) 12वीं
(C) 13वीं (D) 14वीं **उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-14वीं लोकसभा के चुनाव चार चरणों में हुए थे।
**स्रोत**-प्रतियोगिता दर्पण सामसमायिकी।

**82. भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 का संबंध किससे है ?**
(A) जम्मू एवं कश्मीर राज्य से
(B) अनुसूचति जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण से
(C) पंजाब एवं हरियाणा राज्य से
(D) कर्नाटक एवं तमिलनाडु राज्य से **उत्तर-(A)**
**व्याख्या**-संविधान के अनुच्छेद 370 में जम्मू एवं कश्मीर राज्य सम्बन्धी विशेष प्रावधान दिया गया है।
**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय-डी.डी. बसु

**83. भारत के राष्ट्रपति को विशिष्ट केन्द्र-राज्य राजकोषीय सम्बन्धों के बारे में सुझाव किसके द्वारा दिया जाता है ?**
(A) वित्त मन्त्री (B) भारतीय रिजर्व बैंक
(C) योजना आयोग (D) वित्त आयोग **उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-वित्त आयोग के गठन के संबंध में अनुच्छेद 280 में उपबंध है। इसे प्रत्येक 5 वर्ष पर गठन किया जाता है। अभी तक 14 वित्त आयोगों की नियुक्ति की जा चुकी है। इसमें एक अध्यक्ष एवं 4 अन्य सदस्य होते हैं। इसका मुख्य कार्य केन्द्र एवं राज्यों के बीच राजकोपीय सम्बन्धों के बारे में सुझाव देना होता है।
**स्रोत**-भारत का संविधान-एक परिचय-बी.के. शर्मा, पृष्ठ सं॰-315

**84. भारतीय संविधान में निम्नलिखित पदों में कौन-सा क्रम सही है ?**
(A) भारत के मुख्य-न्यायाधीश→मुख्य चुनाव आयुक्त→राज्यों के मुख्यमंत्री→राज्यों के राज्यपाल
(B) राज्यों के राज्यपाल→भारत के मुख्य न्यायाधीश→राज्यों के मुख्यमंत्री→मुख्य चुनाव आयुक्त
(C) राज्यों के राज्यपाल→राज्यों के मुख्यमंत्री→भारत के मुख्य न्यायाधीश→मुख्य चुनाव आयुक्त
(D) भारत के मुख्य न्यायाधीश→राज्यों के राज्यपाल→मुख्य चुनाव आयुक्त→राज्यों के मुख्यमंत्री **उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-अग्रता सूची जिसे राष्ट्रपति ने अनुमोदित किया है—
1. राष्ट्रपति, 2. उपराष्ट्रपति, 3. प्रधानमंत्री, 4. अपने-अपने राज्यों के राज्यपाल, 5. पूर्व राष्ट्रपति 5(क) उप-प्रधानमंत्री, 6. भारत के मुख्य न्यायाधीश/लोक सभा अध्यक्ष, 7. संघ के कैबिनेट मंत्री/अपने-अपने राज्यों में राज्यों के मुख्यमंत्री/योजना आयोग उपाध्यक्ष/पूर्व प्रधानमंत्री/राज्य सभा एवं लोक सभा में विपक्ष के नेता, 7. (क) भारत रत्न अलंकरण के प्राप्तकर्ता, 8. भारत में प्रत्यायित विदेश के असाधारण तथा पूर्णाधिकारी राजदूत एवं राष्ट्रमंडल-देशों के उच्चायुक्त/अपने-अपने राज्यों के बाहर राज्यों के मुख्यमंत्री/अपने-अपने राज्यों के बाहर राज्यों के राज्यपाल, 9. उच्चतम-न्यायालय के न्यायाधीश, 9(क) अध्यक्ष संघ लोक सेवा आयोग/मुख्य चुनाव आयुक्त/भारत के नियंत्रक एवं महालेखा-परीक्षक।
**स्रोत**-भारत 2013 प्रकाशन विभाग, पृष्ठ सं॰-1093

**85. 'शक्तिस्थल' का सम्बन्ध किससे है ?**
(A) श्रीमती इन्दिरा गांधी से
(B) राजीव गांधी से
(C) महात्मा गांधी से
(D) पं॰ जवाहरलाल नेहरू **उत्तर-(A)**
**व्याख्या**-

| **प्रमुख व्यक्ति** | **समाधि-स्थल का नाम** |
|---|---|
| महात्मा गांधी | राजघाट |
| पण्डित जवाहरलाल नेहरू | शान्तिवन |
| श्रीमती इन्दिरा गांधी | शक्तिस्थल |
| जगजीवन राम | समतास्थल |
| चौधरी चरण सिंह | किसान घाट |
| लाल बहादुर शास्त्री | विजय घाट |
| डॉ. राजेन्द्र प्रसाद | महाप्रयाण घाट |
| मोरारजी देसाई | अभय घाट |

**86. डॉ. मनमोहन सिंह के लिए कौन-सा कथन सही नहीं है ?**
(A) भारत के पूर्व वित्त मन्त्री
(B) भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर
(C) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष
(D) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्व महानिदेशक **उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-मनमोहन सिंह 1982-85 के मध्य भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 1985-87 के मध्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे। ये 21 जून, 1991 से 15 मई 2004 तक भारत के वित्तमंत्री रहे। वर्तमान में प्रधानमंत्री है। (2004 से अब तक)

**87. UNO के चार्टर पर हस्ताक्षर हुए थे।**
(A) जेनेवा सम्मेलन में
(B) सान फ्रांसिस्को सम्मेलन में
(C) डम्बर्टन ओक्स सम्मेलन में
(D) याल्टा सम्मेलन में **उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-1 जनवरी 1942 ई. को USA, ब्रिटेन, USSR (आज का रूस), चीन तथा अन्य 26 मित्र राष्ट्रों के प्रतिनिधियों का एक सम्मेलन सान फ्रांसिस्को (USA) में

Downloaded from: www.studymarathon.com

हुआ। इस संगठन को संयुक्त संघ का नाम तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट द्वारा प्रदान किया गया।

**88. सोवियत संघ का विघटन कब हुआ था ?**

(A) दिसम्बर, 1989 (B) अगस्त, 1990

(C) दिसम्बर, 1991 (D) जनवरी, 1994 **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-21 दिसम्बर, 1991 ई. को कजाकिस्तान की राजधानी अल्माटी में 11 सोवियत गणराज्यों द्वारा राष्ट्रमण्डल का गठन हुआ। पुन: राष्ट्रपति मिखाइल एस. गोर्बाचोव के 25 दिसम्बर 1991 ई. को त्यागपत्र देने के साथ ही सोवियत संघ का विभाजन हुआ एवं उसका अस्तित्व समाप्त हो गया।

**स्रोत**-समकालीन विश्व, एन.सी.ई.आर.टी., कक्षा-X

**89. संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में एकमात्र अनिर्वाचित राष्ट्रपति थे।**

(A) मुनरो (B) निक्सन

(C) फोर्ड (D) कार्टर **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति निक्सन को अपने दूसरे कार्यकाल के बीच में ही राष्ट्रपति के पद से हटना पड़ा था। इनका कार्यकाल 1969 से 1974 तक था राष्ट्रपति निक्सन के हटने के बाद तत्कालीन उपराष्ट्रपति फोर्ड को राष्ट्रपति बनाया गया, जो 1974-77 तक इस पद पर रहे थे।

**90. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का स्थायी मुख्यालय कहाँ है-**

(A) हेग (B) जेनेवा

(C) मॉस्को (D) वाशिंगटन

**उत्तर-(A)**

**व्याख्या**-अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय नीदरलैण्ड के हेग शहर में स्थापित किया गया है। यह UNO की प्रमुख कानूनी संस्था है। इसके 15 न्यायाधीश होते हैं जो आम सभा तथा सुरक्षा परिषद् द्वारा अलग-अलग चुने जाते हैं। इनका कार्यकाल 9 वर्ष का होता है।

**स्रोत**-मनोरमा ईयर बुक-2013

**91. भारत ने पहला परमाणु परीक्षण कब किया था ?**

(A) 15 मई, 1964 ई. को (B) 18 मई, 1974 ई. को

(C) 11 मई, 1989 ई. को (D) 13 मई, 1998 ई. को

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण 18 मई, 1974 को राजस्थान के जैसलमेर जिले के पोखरण नामक स्थान (थार मरुस्थल में अवस्थित) पर किया था। 11 मई 1998 ई. को पोखरण उपखण्ड के खेतोलाई गाँव के पास अपनी उच्चस्तरीय आण्विक क्षमता का परिचय देते हुए दूसरी बार 3 सफल परमाणु परीक्षण किए गए। पुन: 13 मई, 1998 को पोखरण में ही दो और सफल परमाणु परीक्षण किए गए।

**92. हिन्द महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संगठन (हिमतक्षेस) के चार्टर पर हस्ताक्षर हुए थे ?**

(A) अप्रैल, 1993 ई. को (B) मार्च, 1997 ई. को

(C) अप्रैल, 1999 ई. को (D) मार्च, 2002 ई. को

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-5 मार्च, 1997 ई. को मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस में हिन्द महासागर तटीय सहयोग संगठन (हिमतक्षेस) का गठन किया गया। इस संगठन के 14 सदस्य देश हैं- ऑस्ट्रेलिया, भारत, इण्डोनेशिया, केन्या, मलेशिया, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, ओमान, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया और यमन।

**93. निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन खून के जमने में आवश्यक होता है।**

(A) विटामिन 'ए' (B) विटामिन 'सी'

(C) विटामिन 'ई' (D) विटामिन 'के'

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-विटामिन 'K' का रासायनिक नाम-फिलोक्विनोन है। यह रुधिर के स्कंदन (थक्का करने) के लिए आवश्यक है। इसकी कमी से रुधिर का थक्का नहीं बनता है।

**स्रोत**-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-9 पृष्ठ सं-210

**94. निम्नलिखित में कौन सा हार्मोन है।**

(A) आर. एन. ए. (B) इन्वर्टेज

(C) इन्सुलिन (D) एस्कार्बिक एसिड

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-हार्मोन हमारे शरीर में होनेवाली विभिन्न क्रियाओं के संचालन के लिए आवश्यक होते हैं। इन्सुलिन हार्मोन अन्त:स्रावी ग्रन्थि अग्न्याशय के 'आइलैंड ऑफ लैंगरहैंस' के B-Cell से निकलता है। यह ग्लूकोज की मात्रा को नियंत्रित करता है। इसका स्राव नहीं होने से मधुमेह नामक रोग होता है।

**स्रोत**-हाई स्कूल जीव विज्ञान, भाग-2, भारती भवन पृष्ठ सं०-51

**95. विकास का कारण है-**

(A) फॉसिल पदार्थ (B) जीने के लिए संघर्ष

(C) पीढ़ी से पीढ़ी अनुकूलन

(D) वंशागति

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-जैव विकास की अवधारणा सबसे पहले चार्ल्स डार्विन ने 1859 ई० में अपनी पुस्तक 'दि ओरिजिन ऑफ स्पीशीज' में दी। उसने कहा कि विकास अनुवांशिकता से प्रभावित होती है जो पीढ़ी दर पीढ़ी अनुकूलन को बनाये रखती है।

**स्रोत**-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-9, पृष्ठ सं-92

Downloaded from: www.studymarathon.com

96. क्लोरोफिल में कौन-सा धातु आयन पाया जाता है?
(A) लोहा (B) मैग्नीशियम
(C) जस्ता (D) कोबाल्ट

उत्तर-(B)

व्याख्या-पादपों में क्लोरोफिल एवं कैरोटीनाइट नामक वर्णक पाये जाते हैं, जो प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में भाग लेते हैं। पादप क्लोरोफिल के कारण हरे होते हैं। मैग्नीशियम क्लोरोफिल का मुख्य घटक है।

स्रोत-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-147

97. निम्नलिखित में कौन-सा मनुष्य में अवशेषी अंग नहीं है?
(A) निक्टीटेटिंग परदा
(B) कर्णपालि का कर्णाभ माँसपेशियाँ
(C) सामने वाले चपटे दाँत (कृंत्तक)
(D) वर्मीफार्म अपेंडिक्स

उत्तर-(C)

व्याख्या-एक ऐसा अंग जो क्रियाहीन प्रतीत होता है, उसे अवशेषी अंग कहते हैं किन्तु मनुष्य में आज भी दिखलाई देता है जैसे-आँख की निषेचक झिल्ली, कृमिरूप परिशोषिका, कर्णपालि की कर्णाभ माँसपेशियाँ आदि। किन्तु, सामने वाले चपटे दाँत (कृन्तक) अवशेषी अंग नहीं होता क्योंकि यह भोजन को चबाने के काम आता है।

स्रोत-NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-10, पृष्ठ सं॰-196

98. शर्कराओं में सबसे मीठी है-
(A) फ्रक्टोज (B) ग्लूकोज
(C) सुक्रोज (D) लैक्टोज

उत्तर-(A)

व्याख्या-ये सभी कार्बोहाइड्रेट होते हैं। इनमें से फ्रक्टोज एक मोनोसैकेराइड कार्बोहाइड्रट है जो सबसे मीठा होता है।

स्रोत-हाई स्कूल जीव विज्ञान, भारती भवन, कक्षा-9 पृष्ठ सं॰-102

99. आमतौर पर सुरक्षा फ्यूज लगाने के लिए प्रयोग होने वाला तार किस पदार्थ का बना होता है ?
(A) टिन (B) सीसा
(C) निकेल
(D) टिन और सीसे की एक मिश्रधातु

उत्तर-(D)

व्याख्या-फ्यूज ऐसे पदार्थ के तार का टुकड़ा होता जिसका गलनांक बहुत कम हो। जब लघुपथन अथवा अतिभारण के कारण परिपथ में उच्च धारा प्रवाहित होती है, तो फ्यूज तार गरम होकर पिघल जाता है। उत्तम फ्यूज तार शुद्ध वंग (टिन) अथवा तांबे और वंग की मिश्र धातु या टिन (वंग) तथा सीसा की मिश्रधातु का बना होता है। सामान्यतः विद्युत बल्बों और पंखों की लाइन में 5A क्षमता का फ्यूज लगाया जाता है।

स्रोत-विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी, NCERT, कक्षा-X, पृष्ठ स॰-95

100. पीतल के बर्तनों को कलई करते समय, गरम बर्तन की सफाई के लिए प्रयोग किए जाने वाले अमोनियम क्लोराइड चूर्ण से निकलने वाला धुआँ है-
(A) अमोनिया का (B) कार्बन मोनोक्साइड का
(C) हाइड्रो क्लोरिक एसिड का
(D) अमोनिया और हाइड्रोक्लोरिक एसिड का।

उत्तर-(D)

व्याख्या-$NH_4Cl \rightarrow NH_3 + HCl$ अमोनियम क्लोराइड को गर्म करने पर अमोनिया का HCl बनाता है एवं दोनों गैसें मिलकर सफेद धुआँ के रूप में दिखाई पड़ता है।

101. जस्ते के एक आयतन भाग (घनत्व 7100 किग्रा./मीटर³) को दो आयतन भाग ताँबा (घनत्व 8900 किग्रा./मीटर³) से मिलाने पर पीतल बनता है। पीतल का घनत्व है-
(A) 8000 किग्रा./मीटर³ (B) 8300 किग्रा./मीटर³
(C) 9500 किग्रा./मीटर³ (D) 9800 किग्रा./मीटर³

उत्तर-(B)

व्याख्या-आयतन भाग जस्ते का भार = $7100\ kg/m^3 = 7100\ kg$

2 आयतन भाग ताँबे का भार = $8900\ kg/m^3\ (8900 \times 2) = 17800\ kg$

दोनों को मिलाने पर = $(7100 + 17800)\ kg = 24900\ kg$

पीतल का घनत्व $= \frac{24900}{3}\ kg/m^3 = 8300\ kg/m^3$

102. एल्कोहलिक खमीर (Fermentation) का आखिरी उत्पाद (Product) क्या है ?
(A) पाइरूविक एसिड (B) ऐसिटेल्डिहाइड
(C) इथाइल अल्कोहल (D) फॉर्मिक एसिड

उत्तर-(C)

व्याख्या-

$$\underset{\text{शर्करा}}{C_{12}H_{22} + H_2O} \xrightarrow{\text{इनवर्टेस}} \underset{\text{ग्लूकोज}}{C_6H_{12}O_6} + \underset{\text{फ्रक्टोज}}{C_6H_{12}O_6}$$

$$\underset{\text{ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज}}{C_6H_{12}O_6} \xrightarrow{\text{जाइमेस}} \underset{\text{एथानॉल (एल्कोहलिक)}}{2C_2H_5OH + 2CO_2}$$

इस प्रकार एल्कोहलिक खमीर का आखिरी उत्पाद इथाइल अल्कोहल है।

स्रोत-NCERT, विज्ञान प्रौद्योगिकी, कक्षा-X पृष्ठ सं॰-232

Downloaded from: www.studymarathon.com

**103. हाइड्रोफ्लोरिक एसिड काँच की बोतल में नहीं रखा जाता है; क्योंकि यह अभिक्रिया करता है-**
(A) दृश्य प्रकाश से
(B) काँच की सोडियम ऑक्साइड से
(C) काँच की एल्युमीनियम ऑक्साइड से
(D) काँच की सिलिकॉन डाइऑक्साइड से **उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-हाइड्रोफ्लोरिक एसिड काँच की सिलिकॉन डाइऑक्साइड से प्रतिक्रिया करके उसे गला देता है। इसलिए हाइड्रोफ्लोरिक एसिड को काँच की बोतल में नहीं रखते हैं।

**104. वायु में थोड़ी देर रखने पर एक धातु के ऊपर हरे रंग के बेसिक कार्बोनेट की परत जम जाती है। वह धातु है-**
(A) ताँबा (B) चाँदी
(C) निकेल (D) जस्ता **उत्तर-(A)**
**व्याख्या**-ताँबा को अधिक समय तक आर्द्र वायु में खुला छोड़ देने पर हरे वर्ण की बेसिक कॉपर कार्बोनेट की परत निर्मित होती है, जो ताँबा को बाहर से पूर्ण रूप से ढँक लेती है। सामान्यत: ताँबा लाल-भूरे रंग का होता है।
**स्रोत**-NCERT, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कक्षा-X, पृष्ठ सं॰-200

**105. कच्चे फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली गैस का नाम है-**
(A) अमोनिया (B) ऐसीटिलीन
(C) कार्बन मोनोक्साइड (D) एथिलीन **उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-एथिलीन कोल एवं पेट्रोलियम गैस के साथ पायी जाती है। एथिलीन बहुलीकरण की क्रिया द्वारा प्लास्टिक बनाती है। इस गैस का उपयोग मुख्यत: कच्चे फलों को पकाने में किया जाता है।

**106. विस्फोटक नाइट्रोग्लिसरीन है, एक-**
(A) नमक (B) नाइट्रो हाइड्रोकार्बन
(C) सम्मिश्र हाइड्रोकार्बन (D) एस्टर **उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-नाइट्रोग्लिसरीन एक रंगहीन, तैलीय द्रव है। यह डायनामाइट बनाने के काम आता है। यह सान्द्र $H_2SO_4$ और सान्द्र $HNO_3$ अम्ल की ग्लिसरीन के साथ क्रिया करके बनाया जाता है।
**स्रोत**-यूनिक, इलाहाबाद प्रकाशन एवं NCERT विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कक्षा-X पृष्ठ सं॰-214

**107. जस्ते से एक बर्तन पर विद्युत लेपन की विधि में-**
(A) बर्तन को ऋण ध्रुव बनाया जाता है।
(B) शुद्ध जस्ते को धन ध्रुव बनाया जाता है।
(C) बर्तन को ऋण ध्रुव और शुद्ध जस्ते को धन ध्रुव बनाया जाता है।
(D) बर्तन को धन ध्रुव और जस्ते को ऋण ध्रुव बनाया जाता है। **उत्तर-(C)**
**व्याख्या**-जिस बर्तन पर जस्ते का लेपन किया जाता है, उसे (बर्तन) कैथोड (ऋण ध्रुव) बनाते हैं एवं जिससे लेपन करना है, (जस्ता) उसे एनोड (धन ध्रुव) बनाया जाता है। विद्युत धारा प्रवाहित करने पर विद्युत विच्छेदक क्रिया के फलस्वरूप जस्ता कैथोड पर जमा होता है।
**स्रोत**-भारती भवन, हाईस्कूल रसायनविज्ञान-2, कक्षा-10

**108. वायु में कौन-सी नोबल गैस नहीं होती है ?**
(A) हीलियम (B) सिमोन
(C) आर्गन (D) रेडॉन **उत्तर-(D)**
**व्याख्या**-नोबल गैस हीलियम (He) नियॉन (Ni) ऑर्गन (Ar) क्रिप्टन (Kr) जिनोन (Xe) रेडॉन (Rn)। रेडॉन रेडियो सक्रिय तत्व है। अत: यह स्थायी नहीं होता जिससे वायुमण्डल में नहीं पायी जाती है।
**स्रोत**-भौतिक भूगोल-सविन्द्र सिंह

**109. शुष्क बर्फ क्या होता है-**
(A) ठोस बर्फ
(B) ठोस कार्बन डाई-ऑक्साइड
(C) ठोस अमोनिया
(D) ठोस सल्फर डाई-ऑक्साइड **उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-ठोस कार्बन डाइऑक्साइड को शुष्क बर्फ कहा जाता है, क्योंकि यह बर्फ के समान होती है।
**स्रोत**-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, NCERT, कक्षा-X

**110. जब एक पत्थर को चाँद की सतह से पृथ्वी पर लाया जाता है तो-**
(A) इसका द्रव्यमान बदल जाएगा
(B) इसका भार बदल जाएगा परन्तु द्रव्यमान नहीं
(C) भार और द्रव्यमान दोनों बदल जाएंगे
(D) न द्रव्यमान और न ही भार बदलेंगे
**उत्तर-(B)**
**व्याख्या**-किसी वस्तु पर गुरुत्वाकर्षण के कारण लगने वाला बल उसका भार कहलाता है। किसी वस्तु का द्रव्यमान एक स्थान से दूसरे स्थान पर नहीं बदलता परन्तु इसका भार बदल सकता है, क्योंकि यह उस वस्तु पर लगने वाले गुरूत्वीय बल पर निर्भर करता है। चन्द्रमा पर गुरुत्वीय त्वरण का मान पृथ्वी के गुरूत्वीय त्वरण (g) का $\frac{1}{6}$ होता है। यानी चन्द्रमा पर किसी भी वस्तु का भार पृथ्वी पर के भार का $\frac{1}{6}$ होता है। पृथ्वी के ध्रुव पर गुरूत्वीय त्वरण का मान सबसे अधिक होता है, जबकि विषुवत रेखा पर न्यूनतम होता है।
**स्रोत**-NCERT कक्षा-9 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पेज-127

**111. आप एक लिफ्ट में खड़े है लिफ्ट के फर्श पर आपके भार द्वारा लग रहा बल-**
(A) लिफ्ट के $9.8\ m/s^2$ के त्वरण से ऊपर जाते समय शून्य होगा।



Downloaded from: www.studymarathon.com

(B) लिफ्ट के 9.8 m/s² के त्वरण से नीचे आते समय शून्य होगा।

(C) लिफ्ट के 9.8 m/s के त्वरण से किसी भी दिशा में जाते समय शून्य होगा।

(D) लिफ्ट के त्वरण की दर बदलने से प्रभावित नहीं होगा।

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-लिफ्ट के फर्श पर व्यक्ति के भार द्वारा लग रहा बल लिफ्ट के 9.8 m/s² के त्वरण से नीचे आते समय शून्य होगा। लिफ्ट में पिण्ड (व्यक्ति) का भार-

1. जब लिफ्ट में ऊपर की ओर जाती है तो लिफ्ट में स्थित व्यक्ति का भार बढ़ा हुआ प्रतीत होता है।
2. जब लिफ्ट नीचे की ओर जाती है तो व्यक्ति का भार घटा हुआ प्रतीत होता है।
3. जब लिफ्ट एक समान वेग से ऊपर या नीचे गति करती है तो भार में कोई परिवर्तन नहीं होता।
4. यदि नीचे उतरते समय लिफ्ट की डोरी टूट जाए तो वह मुक्त पिण्ड की भाँति नीचे गिरती है तो पिण्ड का भार शून्य होता है, यही भारहीनता की स्थिति है।
5. यदि लिफ्ट के नीचे उतरते समय लिफ्ट का त्वरण-गुरुत्वीय त्वरण से अधिक हो तो लिफ्ट में स्थित व्यक्ति उसकी फर्श से उठकर उसकी छत से जा लगेगा।

**स्रोत**-हाई स्कूल भौतिकी, भारती भवन, कक्षा-9, पृष्ठ सं.-71

**112.** यदि समीकरण $x^2 + 11x + 50 = 0$ का मूल α तथा β है, तो $\frac{\alpha}{\beta}+\frac{\beta}{\alpha}=?$

(A) 0, 21 (B) 0.42

(C) 0.8, 4 (D) 10

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-समीकण $x^2 + 11x + 50 = 0$ के मूल α, β है

$$\therefore \quad \alpha+\beta=\frac{-b}{a}=-11$$

$$\alpha\cdot\beta=\frac{c}{a}=50$$

$$\Rightarrow \frac{\alpha}{\beta}+\frac{\beta}{\alpha}=\frac{\alpha^2+\beta^2}{\alpha\beta}$$

$$=\frac{(\alpha+\beta)^2-2\alpha\beta}{\alpha\cdot\beta}=\frac{(-11)^2-2\times 50}{50}$$

$$=\frac{121-100}{50}=\frac{21}{50}=0.42$$

**113.** रेखा $x - y = 0$ को स्पर्श करने वाला तथा वृत $x^2 + y^2 - 6x - 2y - 3 = 0$ तो संकेन्द्रीय वृत्त की त्रिज्या है-

(A) $\sqrt{2}$ (B) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

(C) 1 (D) 2

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-वृत $x^2 + y^2 - 6x - 2y - 3 = 0$ का केन्द्र बिन्दु (3, 1) है।

∴ सरल रेखा $x - y = 0$ को स्पर्श करने वाले संकेन्द्रीय वृत की त्रिज्या केन्द्र से स्पर्श रेखा पर गिराए गए लम्ब के बराबर होगी।

$$\therefore \text{ अभीष्ट संख्या } = \frac{3-1}{\sqrt{(1^2+1^2)}}=\frac{2}{\sqrt{2}}=\sqrt{2}$$

**114.** माना आव्यूह (Matrices)

$$A=\begin{bmatrix}1 & -1\\ 2 & 2\end{bmatrix}, B=\begin{bmatrix}1 & \alpha\\ \beta & 1\end{bmatrix}$$

यदि, $(A+B)(A-B)=A^2-B^2$ हो तो-

(A) $a=\beta=-1$ (B) $a=\beta=.0$

(C) $a=\beta=1$ (D) $a=1\beta=.1$

उत्तर-(B)

**व्याख्या**- $A=\begin{bmatrix}1 & -1\\ 2 & 2\end{bmatrix}$

$$B=\begin{bmatrix}1 & \alpha\\ \beta & 1\end{bmatrix}$$

$$A^2= \therefore \begin{bmatrix}1 & -1\\ 2 & 2\end{bmatrix}\begin{bmatrix}1 & -1\\ 2 & 2\end{bmatrix}$$

$$=\begin{bmatrix}-1 & -3\\ 6 & 2\end{bmatrix}=-2+18=16$$

$$B^2=\begin{bmatrix}1 & \alpha\\ \beta & 1\end{bmatrix}\begin{bmatrix}1 & \alpha\\ \beta & 1\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}1+\alpha\beta & 2\beta\\ 2\alpha & \alpha\beta+1\end{bmatrix}$$

$$=(1+\alpha\beta)^2-4\alpha\beta=(1-\alpha\beta$$

$$A+B=\begin{bmatrix}1 & -1\\ 2 & 2\end{bmatrix}+\begin{bmatrix}1 & \alpha\\ \beta & 1\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}2 & \alpha-1\\ 2+\beta & 3\end{bmatrix}$$

$$A-B=\begin{bmatrix}1 & -1\\ 2 & 2\end{bmatrix}\begin{bmatrix}1 & \alpha\\ \beta & 1\end{bmatrix}=\begin{bmatrix}0-(\alpha+1)\\ 2-\beta & 1\end{bmatrix}$$



Downloaded from: www.studymarathon.com

प्रश्नानुसार, $(A+B)(A-B)=A^2-B^2$ में मान रखने पर,
$\alpha=\beta=0$

**115.** $\lim_{x\to 0^+} \frac{1}{1-e^{-1/x}}$ का मान है-

(A) 1 (B) 0
(C) $-\infty$ (D) $\infty$

उत्तर-(A)

व्याख्या- $\lim_{x\to 0^+} \frac{1}{1-e^{-1/x}} = \frac{e^{1/x}}{e^{1/x-1}}$

अत: $\frac{1}{1-0}=1$ $[x \to 0^+ \Rightarrow e^{-1/x} \to 0]$

$\therefore \lim_{x\to 0^+} \frac{1}{1-e^{-1/x}}=1$

**116.** यदि फलन $f(x)=(x+1)$ तथा $g(x)=x^2-3$ हो तो $\frac{g\{f(-1)\}}{f\{g(-1)\}}$ बराबर है-

(A) 0 (B) 1
(C) 2 (D) 3

उत्तर-(D)

व्याख्या- $f(x)=(x+1)$
तथा $g(x)=x^2-3$
$\therefore f(-1)=-1+1=0$
तथा $g(-1)=1-3=-2$

$$\frac{g\{f(-1)\}}{f\{g(-1)\}}=\frac{g(0)}{f(2)}=\frac{0-3}{-2+1}=\frac{-3}{-1}=3$$

**117.** समीकरण $|x|^2-3|x|+2=0$ के हलों की संख्या है-

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

उत्तर-(C)

व्याख्या-दिया हुआ समीकण
$\because |x^2|-3(x)+2=0$
$\therefore |x^2|-|n|-2|x|+2=0$
$\Rightarrow [|x|-1]\ [|x|-2]=0$
$\therefore |x|=1$ या 2
$\Rightarrow x=\pm 1,\ x=\pm 2$
$\therefore$ समीकरण के हलों की अभीष्ट संख्या = 4

**118.** यदि वृत की त्रिज्या को 1 इकाई बढ़ा दिया जाय तो उसका क्षेत्रफल दोगुना हो जाता है। वृत की त्रिज्या है-

(A) $2\sqrt{2}$ (B) $\sqrt{2}(\sqrt{2}-1)$
(C) $\sqrt{2}-1$ (D) $\sqrt{2}+1$

उत्तर-(D)

व्याख्या-माना कि वृत की त्रिज्या $=x$
प्रश्नानुसार, $2\pi x^2=\pi(x+1)^2$
या, $2x^2=x^2+2x+1$
या, $x^2-2x-1=0$

$\therefore x=\frac{2\pm\sqrt{4+4}}{2}=\frac{2\pm2\sqrt{2}}{2}$

$\therefore x=\frac{2+2\sqrt{2}}{2}$ और $\frac{2-2\sqrt{2}}{2}$

$\therefore x=\frac{2+2\sqrt{2}}{2}$

$x$ का मान ऋणात्मक नहीं होगा।
$\therefore x=\sqrt{2}+1$

**119.** श्रेणी $\Sigma\frac{\lfloor n.2^n}{n^n}$ है-

(A) अभिसारी (Convergent)
(B) अपसारी (Divergent)
(C) अभिसारी एवं अपसारी
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(A)

व्याख्या-दी गई श्रेणी $\Sigma\frac{\lfloor n.2^n}{n^n}$

$$=\frac{\lfloor 1.2^1}{1^1}+\frac{\lfloor 2.2^2}{2^2}+\frac{\lfloor 3.2^3}{3^3}+\frac{\lfloor 4.2^4}{4^4}+\frac{\lfloor 5.2^5}{5^5}+......$$

$$\frac{U_n}{U_{n+1}}=\frac{\lfloor n\cdot\frac{2^n}{n^n}}{\lfloor n+1\cdot\frac{2^{n+1}}{(n+1)^{n+1}}}$$

$$=\frac{\lfloor n}{(n+1)\lfloor n}\cdot\frac{2^n}{2^{n+1}}\cdot\frac{(n+1)(n+1)^n}{n^n}$$

$$=\frac{1}{2}\left(1+\frac{1}{n}\right)^n$$

Downloaded from: www.studymarathon.com

$$\because \lim_{n\to\infty}\frac{U_n}{U_{n+1}}=\lim_{n\to\infty}\frac{1}{2}\left(1+\frac{1}{n}\right)^n$$

$$=\frac{e}{2}>1$$

∴ दी गई श्रेणी अभिसारी (Convergent) है।

**120.** यदि $f(x)=\frac{x-5}{x+5}, x\neq-5$ तो $f^{-1}(x)$ का प्रान्त है।

(A) R (B) $R-(1)$

(C) $(-\infty,1)$ (D) $(1,\infty)$ उत्तर-(B)

व्याख्या- $f(x)=y \Rightarrow \frac{x-5}{x+5}=y$

$x-5=yx+5y$

$\Rightarrow x=\frac{5y+5}{1-y}$

$$f^{-1}(x)=\frac{5x+5}{1-x}=5\left(\frac{1+x}{1-x}\right)$$

$\therefore x\neq 1$

∴ अत: प्रान्त $R-(1)$

**121.** यदि $x=a\cos\theta+b\sin\theta$ तथा $y=a\sin\theta-b\cos\theta$ हो तो $x^2+y^2$ बराबर है-

(A) $a^2-b^2$ (B) $b^2-a^2$

(C) $a^2+b^2$ (D) $a^2+2ab$ उत्तर-(C)

व्याख्या- $x=a\cos\theta+b\sin\theta$

$y=a\sin\theta-b\cos\theta$

$\therefore x^2+y^2=(a\cos\theta+b\sin\theta)^2+(a\sin\theta-b\cos\theta)^2$

$=a^2(\cos\theta^2+\sin^2\theta)+b^2(\theta\sin^2\theta+\cos^2\theta)+$

$2ab\cos\theta\sin\theta-2ab\sin\theta\cdot\cos\theta$

$=a^2+b^2$

$[\because \sin^2\theta+\cos^2\theta=1]$

**122.** वर्तमान (2004 ई॰ ) में भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं-

(A) एन. गोपालस्वामी (B) बी.बी. टण्डन

(C) टी. एस. कृष्णमूर्ति (D) टी. एन. शेषण

उत्तर-(C)

व्याख्या-वर्तमान में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एस. कृष्णामूर्ति हैं। उन्होंने 8 फरवरी, 2004 को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद संभाल लिया। उन्होंने जे. एम. लिंगदोह का स्थान लिया था।

**123.** योजना आयोग का उपाध्यक्ष कौन हैं।

(A) श्री के. सी. पन्त

(B) डॉ॰ मोन्टेक सिंह अहलूवालिया

(C) डॉ॰ रंगराजन

(D) डा॰ विमल जालान उत्तर-(B)

व्याख्या-योजना अयोग के वर्तमान उपाध्यक्ष डॉ॰ मोन्टेक सिंह अहलूवालिया हैं। यू. पी. ए. सरकार के कार्यकाल में प्रधानमंत्री डॉ॰ मनमोहन सिंह ने तत्कालीन योजना आयोग के उपाध्यक्ष के. सी. पन्त की जगह इनकी नियुक्ति की थी।

**124.** चौदहवीं लोकसभा में कितनी महिला सांसद हैं।

(A) 48 (B) 62

(C) 44 (D) 56

उत्तर-(C)

व्याख्या-14वीं लोकसभा में कुल 44 महिला सांसद हैं।

**125.** वर्तमान (2004 ई॰) में भारत में कितनी महिला मुख्यमंत्री हैं।

(A) 5 (B) 3

(C) 7 (D) 4

उत्तर-(D)

व्याख्या-तत्कालीन समय में भारत के चार राज्यों में महिला मुख्यमंत्री थी (12.09.2004 को)

1. राजस्थान – बसुन्धरा राजे सिन्धिया
2. बिहार – राबड़ी देवी
3. तमिलनाडु – जयललिता (वर्तमान में भी)
4. दिल्ली – शीला दीक्षित (वर्तमान में भी)

**126.** भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला कब हुआ था?

(A) 24 दिसम्बर, 1999 (B) 13 दिसम्बर, 2001

(C) 14 मई, 2002 (D) 12 जनवरी, 2002

उत्तर-(B)

व्याख्या-भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला 13 दिसम्बर 2001 को हुआ था। इस हमले को साजिश में तीन अभियुक्तों जैश-ए-मोहम्मद के मोहम्मद अफजल व शौकत हुसैन गुरु तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के निलम्बित प्रध्यापक सैयद अब्दुल रहमान गिलानी पर मुकदमा चलाया गया था।

**127.** 11 सितम्बर 2001 को संयुक्त राज्य अमेरिका के किस भवन पर आतंकवादी हमला हुआ?

(A) ह्वाइट हाऊस (B) केपिटल हिल

(C) पेण्टागन (D) स्टेट डिपाटमेण्ट

उत्तर-(C)

व्याख्या-11 सितम्बर, 2001 को संयुक्त राज्य अमेरिका के पेन्टागन (सेना मुख्यालय, वाशिंगटन) एवं न्यूयार्क के विश्व व्यापार केन्द्र (World Trade Centre) पर आतंकवादी हमला हुआ था। इसमें 3000 लोग मारे गये थे।

Downloaded from: www.studymarathon.com

**128. वर्तमान में NATO ( उत्तरी अटलांटिक सन्धि संगठन ) के कितने सदस्य हैं।**

(A) 26 (B) 15
(C) 18 (D) 12

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-NATO की स्थापना 1949 में USSR से मिलने वाली है सैन्य चुनौतियों से निपटने हेतु की गई थी। प्रारंभ में इस संगठन के 12 सदस्य थे बाद में यूनान, टर्की, स्पेन एवं जर्मनी को इसकी सदस्यता प्रदान की गई। 8 जुलाई 1997 ई॰ को पुन: इसका विस्तार करने के कारण इसकी सदस्य संख्या 19 हो गई। पुन: 31 मार्च 2004 ई॰ को 7 पूर्वी यूरोपीय देशों को सदस्यता प्रदान करने के बाद वर्तमान में नाटो की सदस्य संख्या 26 हो गई।

**129. साम्यवादी चीन का वर्तमान में सर्वाधिक शक्तिशाली नेता कौन है-**

(A) हू जिन्ताओ (B) जियांग जेमिन
(C) डेंग जिओपिंग (D) झाओ जियांग

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-वर्तमान में हू-जिन्ताओ सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (CPC) के महासचिव, देश के राष्ट्रपति तथा सैन्य आयोग (CMC) का अध्यक्ष पद संभाले हुए हैं।

**130. वर्तमान में UNO के कितने सदस्य हैं-**

(A) 189 (B) 191
(C) 185 (D) 193

उत्तर-(B)

**व्याख्या**-वर्तमान में (2004 ई॰ तक) संयुक्त राष्ट्र संघ में 191 सदस्य देश थे। 190वाँ सदस्य सन 2002 ई॰ में पूर्वी तिमोर बना। आज संसार के 193 देश UNO के सदस्य हैं।

**131. अमेरिकी अंतरिक्ष यान कोलम्बिया दुर्घटनाग्रस्त हुआ-**

(A) सन 2000 में (B) सन 2001 में
(C) सन 2002 में (D) 2003 में

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-अमेरिकी अन्तरिक्ष यान कोलम्बिया 1 फरवरी, 2003 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह यान पृथ्वी पर वापस लौटते समय टेक्सास प्रान्त (USA) के उपर टुकड़े हो गया। इस दुर्घटना का कारण फोम के टुकड़े का डैने से टकराना था, इस यान में भारतीय मूल की अन्तरिक्ष यात्री कल्पना चावला भी थी जिनकी मृत्यु हो गयी। यह यान अन्तरिक्ष में 16 दिन तक रहा था।

**132. बिहार महान धार्मिक केन्द्र है-**

(A) सिखों के लिए (B) जैनों के लिए
(C) बौद्ध धर्मावलम्बियों के लिए
(D) इनमें से सभी के लिए

उत्तर-(D)

**व्याख्या**-बिहार इन तीनों धर्मों का केन्द्र रहा है। सिख धर्म के गुरु नानक जी तथा श्री तेग बहादुर ने बिहार की यात्रा की। सिखों के अन्तिम गुरु गोविन्द सिंह का जन्म पटना में 26 दिसम्बर, 1666 ई. को हुआ था। छठी सदी ई. पू. में बिहार की धरती पर जैन धर्म का उदय हुआ। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर का जन्म 540 ई. पू. वैशाली के निकट कुण्डग्राम में ज्ञातृक क्षत्रिय कुल में हुआ था। इनको ज्ञान की प्राप्ति जृम्भिक ग्राम के समीप तथा निर्वाण पावापुरी नामक स्थल पर हुआ। बिहार में बौद्ध धर्म के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति बोधगया, प्रथम बौद्ध संगीति राजगृह में हुआ। इनसे अलावे इस्लाम, हिन्दु एवं ईसाई धर्म का भी केन्द्र रहा है।

**स्रोत**-NCERT, प्राचीन भारत, कक्षा-XI, पृष्ठ सं॰-101, 104

**133. झारखण्ड बिहार से कब पृथक हुआ था ?**

(A) 15 नवम्बर, 2000 ई. को
(B) 25 अगस्त, 1999 ई. को
(C) 2 अगस्त, 1998 ई. को
(D) 5 जुलाई, 1997 ई. को

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-झारखण्ड राज्य की स्थापना 15 नवम्बर, 2000 ई. को बिहार को विभाजित करके की गई, जिसकी राजधानी राँची को बनाया गया।

**स्रोत**-भारत 2013, प्रकाशन विभाग भारत सरकार।

**134. बिहार में कितने विश्वविद्यालय हैं ?**

(A) 9 (B) 11
(C) 12 (D) 13

उत्तर-(C)

**व्याख्या**-वर्तमान में बिहार में 20 विश्वविद्यालय तथा एक मुक्त विश्वविद्यालय हैं।

[Note–प्रश्न पूछते समय 12 थे)

**स्रोत**-आर्थिक सर्वेक्षण, बिहार सरकार वित्त विभाग, पृष्ठ-210

**135. बिहार की पेन्टिंग (Painting School) कौन-सी है ?**

(A) मधुबनी (B) श्रीरंगम्
(C) पिछवई (D) मुगल

उत्तर-(A)

**व्याख्या**-बिहार की प्रमुख पेन्टिंग विद्यापाल युग की चित्रकला, पटना कलम शैली, मंजूषा शैली तथा मिथिला या मधुबनी चित्रकला रही है। मिथिला के स्थानीय लोगों विशेषकर महिलाओं द्वारा स्थानीय परंपराओं, जादू टोना, विवाह संस्कार आदि से प्रभावित जो चित्र अपने घर दीवारों पर निर्मित किये गये यह उत्तर मुगल काल में बहुत विकसित हुए। वर्तमान में यह मधुबनी चित्रकला के नाम से विख्यात है।

**स्रोत**-बिहार दिग्दर्शिका, क्रॉनिकल, पृष्ठ स॰-453

**136. वर्तमान में बिहार के राज्यपाल कौन है ?**

(A) श्री नवल किशोर शर्मा (B) जस्टिस एम. रामाजोइस
(C) श्री मदनलाल खुराना (D) जस्टिस अंशुमान सिंह

उत्तर-(B)

Downloaded from: www.studymarathon.com

**व्याख्या**-वर्तमान में बिहार के राज्यपाल- डी. वाई. पाटिल है। प्रश्न पूछने समय एम. रामाजोइस थे।-2013

**137. 2001 ई. की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या कितनी है ?**

(A) 85 मिलियन (B) 86 मिलियन
(C) 83 मिलियन (D) 82 मिलियन

**उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-2001 की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या 8 करोड़ 30 लाख के करीब थी यानी 83 मिलियन। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या 10, 38, 04, 637 है।

**स्रोत**-जनगणना रिपोर्ट-2011

**138. बिहार विधान सभा में वर्तमान में कितने सदस्य हैं ?**

(A) 240 (B) 243
(C) 245 (D) 250 **उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-झारखण्ड के अलग हो जाने के बाद बिहार में विधान सभा सदस्यों की संख्या 242 रह गयी। एक सदस्य (एंग्लो इण्डियन) का मनोनयन राज्यपाल द्वारा किया जाता है। अत: यह संख्या-243 रह गयी है।

**स्रोत**-बिहार दिग्दर्शिका क्रॉनिकल पृष्ठ सं॰-364

**139. बिहार के भौतिक विभागों में आप निम्नलिखित में से कौन-सा सम्मिलित नहीं करेंगे ?**

(A) छोटा नागपुर पठार (B) उत्तरी-गंगा मैदान
(C) दक्षिणी-गंगा मैदान (D) पूर्वी-गंगा मैदान

**उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-भौतिक बनावट और संरचना की दृष्टि से बिहार को तीन प्राकृतिक प्रदेश में विभाजित किया जा सकता है— 1. उत्तर की शिवालिक श्रेणी और तराई प्रदेश, 2. बिहार का विशाल मैदान, 3. दक्षिण का सीमान्त पठारी प्रदेश (जो छोटा नागपुर पठार का भाग माना जाता है।)

**स्रोत**-बिहार का भूगोल, संतोष कुमार, पृष्ठ सं॰- 35-37, एवं सृजन बिहार विशेष, पृष्ठ सं॰-42

**140. बिहार में निम्नलिखित में से कौन-से समूह की नदियाँ गंगा अथवा उसकी सहायक नदियों में उत्तर की ओर से आकर मिलती हैं ?**

(A) घाघरा, कोसी, पुनपुन (B) कोसी, महानन्दा, कर्मनाशा
(C) गण्डक, कमला, बागमती
(D) सोन, कोसी, उत्तरी कोमल **उत्तर-(C)**

**व्याख्या**-गण्डक, सरयू (घाघरा), बूढ़ी गण्डक, बागमती कमला बलान, कोसी, महानन्दा नदियाँ गंगा में उत्तर से आकर मिलती हैं। वही सोन, कर्मनाशा, पुनपुन आदि दक्षिण से गंगा में आकर मिलती है।

**स्रोत**-ऑक्सफोर्ड एटलस, सृजन बिहार विशेष, पृष्ठ सं॰-42

**141. बिहार में बांगर मिट्टी मिलती है-**

(A) गया-बोधगया-पूर्वी चम्पारण-भागलपुर क्षेत्र में
(B) पूर्णिया-सहरसा-दरभंगा-मुजफ्फरपुर क्षेत्र में
(C) गया-नालन्दा-बोधगया-सासाराम क्षेत्र में
(D) पूर्वी चम्पारण-नालन्दा-गया-सासाराम क्षेत्र में

**उत्तर-(B)**

**व्याख्या**-बिहार में तराई मिट्टी के दक्षिण में बाँगर मिट्टी का क्षेत्र है। जिसका विस्तार द॰ पूर्णियाँ, सहरसा, दरभंगा मुजफ्फरपुर, सीवान, सारण इत्यादि में है इसे बालसुन्दरी मिट्टी भी कहा जाता है, क्योंकि यह बांगर मृदा का ही एक रूप है। बाँगड़ पुरानी जलोढ़ मिट्टी के नाम से प्रसिद्ध है। इसे कैवाल मृदा भी कहते हैं।

**स्रोत**-बिहार का भूगोल, संतोष कुमार, पृष्ठ सं॰-51

**142. बिहार के विविध भौगोलिक पक्षों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर मनन कीजिए-**

1. बिहार में कुल सिंचित भूमि का लगभग 37% नहरों द्वारा सिंचित होता है।
2. बिहार का उत्तरी गंगा मैदान 33620 वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है।
3. किशनगंज और पश्चिमी चम्पारण बिहार में सर्वोच्च वार्षिक वर्षा प्राप्त करते हैं।
4. बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई 2461 किमी. है।

इन कथनों में से कौन-से सही है ?

(A) 1 और 2 (B) 2 और 3
(C) 2 और 4 (D) 1, 3 और 4 **उत्तर-(D)**

**व्याख्या**-वर्तमान में 1 और 3 उत्तर होगा क्योंकि अब बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई बढ़कर 3,734 किमी. (कुल सड़कों में प्रतिशत हिस्सा 2.66%) हो गयी है।

**स्रोत**-आर्थिक सर्वेक्षण 2012-13 बिहार सरकार वित्त विभाग पृष्ठ सं॰-125

**143. सूची-I (खनिज) को सूची-II (प्राप्ति स्थानों) से सह-सम्बन्धित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (खनिज) | सूची-II (प्राप्ति स्थान) |
|---|---|
| (A) अभ्रक | 1. मुंगेर |
| (B) स्वर्ण | 2. गया |
| (C) डोलोमाइट | 3. किशनगंज |
| (D) पेट्रोलियम | 4. रोहतास |

**कूट :-**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |

Downloaded from: www.studymarathon.com

(B) 1 2 3 4
(C) 2 1 4 3
(D) 4 3 2 1 उत्तर-(C)

व्याख्या-अभ्रक बिहार के गया, नवादा, भागलपुर क्षेत्रों में पाया जाता है। स्वर्ण-मुंगेर के पास प्राप्त हुआ है। डोलामाइट रोहतास में, पेट्रोलियम-किशनगंज क्षेत्र में प्राप्त हुआ है।
स्रोत-बिहार दिग्दर्शिका, क्रॉनिकल पृष्ठ सं०-253

**144. बिहार में सूची-I (उद्योग) को सूची-II (नगरो) से सहसम्बन्धित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (उद्योग) | सूची-II (नगर) |
|---|---|
| (A) कागज एवं लुग्दी | 1. डालमियानगर |
| (B) सिगरेट | 2. दिलावरपुर |
| (C) प्लाइवुड | 3. हाजीपुर |
| (D) जूट | 4. पूर्णियाँ |

कूट :-

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

उत्तर-(B)

व्याख्या-

| बिहार के प्रमुख उद्योग | | स्थान (अवस्थिति) |
|---|---|---|
| कागज एवं लुग्दी | - | डालमियानगर, समस्तीपुर |
| सिगरेट | - | दिलावरपुर, मुंगेर |
| प्लाईवुड | - | हाजीपुर |
| जूट | - | पूर्णिया, कटिहार, सहरसा |

स्रोत-बिहार दिग्दर्शिका क्रॉनिकल पृष्ठ सं०-256-257

**145. वर्ष 2001 ई. की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से बिहार के जिलों का कौन-सा समूह जनसंख्या का सही अवरोही क्रम दर्शाता है ?**
(A) पटना, पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, मधुबनी
(B) पूर्वी चम्पारण, पटना, मधुबनी, मुजफ्फरपुर
(C) पटना, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, मधुबनी
(D) मुजफ्फरपुर, पटना, मधुबनी, पूर्वी चम्पारण उत्तर-(A)

व्याख्या-

| | | जनसंख्या 2001 | जनसंख्या 2011 |
|---|---|---|---|
| पटना | - | 47,18,592 | 57,72,804 |
| पूर्वी चम्पारण | - | 39,39,773 | 50,82,868 |
| मुजफ्फरपुर | - | 37,46,714 | 47,78,610 |
| मधुबनी | - | 35,75,281 | 44,76,044 |

स्रोत-जनगणना रिपोर्ट-2011

**146. भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में बिहार का क्या है ?**
(A) दूसरा (B) चतुर्थ
(C) बारहवाँ (D) नवम्

उत्तर-(C)

व्याख्या-बिहार भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत बारहवाँ राज्य एवं जनसंख्या की दृष्टि से तृतीय है।
स्रोत-भारत 2004, प्रकाशन विभाग, सृजन, बिहार वि पृष्ठ सं०-6

**147. किस एकमात्र देश की सीमा बिहार राज्य से जुड़ती**
(A) भूटान (B) नेपाल
(C) चीन (D) बांग्लादेश

उत्तर-(B)

व्याख्या-नेपाल देश की सीमा बिहार राज्य से मिलती है
स्रोत-सृजन बिहार विशेष (P.T.)

**148. जनसंख्या की दृष्टि से भारत में बिहार का क्रम क्या है**
(A) तृतीय (B) चतुर्थ
(C) पंचम (D) ग्यारहवाँ

उत्तर-(A)

व्याख्या-जनसंख्या की दृष्टि से भारत में बिहार का क्रम उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र के बाद तीसरा है।
स्रोत-जनगणना रिपोर्ट-2011

**149. सन् 2001 ई. की जनगणना के अनुसार बिहार में महिला साक्षरता दर क्या है ?**
(A) 60.32% (B) 53%
(C) 33.1% (D) 47.53%

उत्तर-(C)

व्याख्या-

| 2001 | 2011 |
|---|---|
| कुल साक्षरता—47% | कुल साक्षरता — 63.82% |
| पुरुष साक्षरता—59.68% | महिला साक्षरता—53.33% |
| महिला साक्षरता—33.12% | पुरुष साक्षरता—73.39% |

स्रोत-जनगणना रिपोर्ट-2011

**150. विश्व में शांति व आपसी सहयोग स्थापित करने के लिए नेहरूजी ने कौन-सा सिद्धांत प्रस्तुत किया?**
(A) गुटनिरपेक्षता (Non Alignment)
(B) पंचशील
(C) शांतिपूर्ण सहअस्तित्व
(D) इनमें से कोई नहीं

●●●

Downloaded from: www.studymarathon.com